संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com


अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -296 सोमवार, 28 अगस्त 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# चंद्रयान-3 के डिजाइन में शामिल होने का दावा करने वाले मितुल त्रिवेदी गायब

## खुद को इसरो से जुड़ने का दावा करने वाले सूरत निवासी मितुल त्रिवेदी ने चंद्रयान 3 के डिजाइन तैयार करने की बात कही थी...

### आवास पर ताला; फोन भी बंद





**सूरत,27 अगस्त 2023 (ए)।** खुद को इसरो से जुड़ने का दावा करने वाले सूरत निवासी मितुल त्रिवेदी ने चंद्रयान 3 के डिजाइन तैयार करने की बात कही थी, मगर अब वह जांच अधिकारियों से बचते नजर आ रहे हैं। चंद्रयान 3 के डिजाइन तैयार करने को लेकर सुर्खियां बटोरने वाले मितुल त्रिवेदी अब गायब हैं। कथित तौर पर त्रिवेदी के आवास पर ताला लगा हुआ है और उनका फोन भी बंद है, जिससे उनके दावों को लेकर शंका और बढ़ गई है।

त्रिवेदी के दावों की जांच अब पुलिस की सूरत अपराध शाखा को सौंप दी गई है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि हालांकि त्रिवेदी के दावे से नुकसान कुछ नहीं है, वे उनके बढ़ा-चढ़ाकर बयान देने की प्रवृत्ति को उजागर करते हैं।

त्रिवेदी के बयानों की जांच पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हेतल पटेल को सौंपी गई थी। शहर के पुलिस आयुक्त के कार्यालय तक पहुंचने के बावजूद, त्रिवेदी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ अपने कथित जुड़ाव को साबित करने वाला कोई भी दस्तावेज उपलब्ध कराने में असमर्थ रहे।

त्रिवेदी ने सफल चंद्रयान-3 मिशन के बाद अपनी भागीदारी के दावे कर ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंडर के उनके डिजाइन में पारंपरिक लैंडर के विपरीत, लैंडिंग पर धूल के बिखरने को रोकने वाली एक अनूठी विशेषता शामिल थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह 2011 से इसरो और 2013 से नासा से जुड़े हुए हैं। यहां तक कि उन्होंने नासा के 2024 चंद्र मानव मिशन और इसरो के आदित्य एल1 और गगनयान मिशन डिजाइन परियोजनाओं में भूमिका का दावा भी किया।

त्रिवेदी की कथित शैक्षणिक उपलब्धियों में भौतिकी में बीएससी और एमएससी, और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में क्वांटम भौतिकी में अध्ययन, और पीएचडी के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में मानव विज्ञान और वेदांत शामिल हैं। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सदस्यता और 45 प्राचीन भाषाओं को पढ़ने की क्षमता का भी दावा किया था। त्रिवेदी की प्रसिद्धि तब बढ़ी जब उनके शिक्षक अर्जुन पटेल से बात करते हुए एक ऑडियो क्लिप वायरल हो गई। इससे पहले त्रिवेदी ने दक्षिण गुजरात में ओलपाड के पास समुद्र में द्वारिका नाम की स्वर्ण नगरी होने का दावा किया था।



# चंद्रमा पर फतेह के बाद अब सूर्य के साथ शुक्र ग्रह पर जाने की तैयारी

### इसरो प्रमुख ने दिए संकेत

**नई दिल्ली ,27 अगस्त 2023 (ए)।** चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग के बाद पूरे देश को इसरो पर गर्व है। इसी बीच इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा है कि भारत स्पेस सेक्टर में और भी कई बुलंदियां छू सकता है, जिसके लिए उन्हें निवेश की और सहयोग की जरूरत है। दरअसल, मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए एस सोमनाथ ने कहा, भारत के पास चंद्रमा, मंगल और शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है, लेकिन हमें अपना आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है। हमें और अधिक निवेश की आवश्यकता है और अंतरिक्ष क्षेत्र का विकास होना चाहिए। इससे पूरे देश का विकास होना चाहिए, यही हमारा मिशन है। हम उस विजन को पूरा करने के लिए तैयार हैं, जो पीएम मोदी ने हमें दिया था।

इसरो की ओर से चंद्रयान-3 के सफल मिशन के बाद सूर्य मिशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 तैयार है और इसे सितंबर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा।

उन्होंने कहा, आदित्य- एल1 उपग्रह तैयार है। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण करना है। प्रक्षेपण सितंबर के पहले सप्ताह में होगा। तारीख की घोषणा दो दिनों के भीतर की जाएगी। आदित्य- एल1 उपग्रह प्रक्षेपण के बाद अण्डाकार कक्षा में जाएगा और वहां से वह एल1 बिंदु तक यात्रा करेगा, जिसमें लगभग 120 दिन लगेंगे।

# मुजफ्फरनगर में छात्र की पिटाई मामले में बड़ा एक्शन

### » स्कूल बंद करने का आदेश जारी



**मुजफ्फरनगर,27 अगस्त 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है।शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है। वीडियो वायरल होने बाद मामले की जांच में पता चला कि स्कूल की मान्यता एक वर्ष पूर्व ही खत्म हो चुकी थी।बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में स्कूल ने नर्सरी से कक्षा पांच तक की मान्यता ली था। यह अंतरिम रूप से तीन वर्ष के लिए दी जाती है। इसकी अवधि 2022 में पूरी हो चुकी है। इसके बाद प्रबंधन ने लिए मान्यता रिन्यू नहीं कराया। बिना मान्यता के संचालित स्कूल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। आगे विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

# नूंह में ब्रजमंडल शोभा यात्रा की अनुमति नहीं

### » प्रशासन ने यात्रा रोकने को किए बड़े इंतजाम




**नूंह,27 अगस्त 2023(ए)।** हरियाणा सरकार ने नूंह में सर्वजातीय हिंदू महापंचायत के 28 अगस्त को पुनः ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा निकालने के आह्वान के मद्देनजर यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं सरकार ने खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट तथा हर सूरत में कानून व्यवस्था, शांति और सद्भाव बनाये रखने को लेकर यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जिला प्रशासन ने नूंह जिले में जहां निषेधाज्ञा लागू की है वहीं राज्य सरकार ने नूंह जिले में एहतियाती कदम के तौर पर, 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 28 अगस्त को रात 11:59 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों को स्टेशन नहीं छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा अलग-अलग इलाकों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। नूंह जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने साफ तौर कहा है कि इलाके में हर हाल में अमन-शांति कायम रखी जाएगी।

वहीं विश्व हिंदू परिषद(वीएचपी) समेत अनेक हिंदू संगठन ने कहा कि गत 31 जुलाई को उक्त शोभा यात्रा पर एक समुदाय के लोगों द्वारा पथराव और हिंसा किये जाने पर यह अधूरी रह गई थी जिसे केवल पूरा किया जा रहा है। किसी धर्म और सम्प्रदाय को अपनी धार्मिक रस्मों या कार्यक्रम करने का अधिकार है तथा इसके लिये किसी अनुमति की जरूरत नहीं है। अलबत्ता हिंदू संगठनों ने कहा है कि यात्रा निकालने के बारे में स्थानीय प्रशासन को पहले की सूचित किया जाएगा तथा यात्रा के स्वरूप और आकार को लेकर भी चर्चा हो सकती है। हिंदू संगठनों का यह भी कहना है कि यात्रा में केवल स्थानीय लोग ही शामिल होंगे तथा कोई भी बाहरी व्यक्ति इसमें भाग नहीं लेगा। ऐसे में राज्य सरकार के लिये अब अजमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी हिंदू संगठनों से यात्रा नहीं निकालने की अपील कर चुके हैं।

# पश्चिम बंगाल में अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट

### छह लोगों की मौत- कई घर भी क्षतिग्रस्त



**दत्तपुकुर ,27 अगस्त 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल के दत्तपुकुर में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हुआ है। इस धमाके में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल भी बताए जा रहे है। सूत्रों के अनुसार जिस पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ है, वह अवैध है।इस धमाके से कई घरों को भी नुकसान हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस पार्टी और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिए है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पास्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल धमाके के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस धमाके में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

# असम में भाजपा सांसद के आवास से मिला 10 साल के लड़के का शव

### पुलिस कर रही मामले की जांच



**नई दिल्ली ,27 अगस्त 2023 (ए)।** असम के भाजपा सांसद राजदीप रॉय के सिलचर स्थित आवास से एक 10 साल के लड़के का शव बरामद किया गया है। बताया गया कि नाबालिग का शव पंखे से लटकता हुआ पाया गया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सिलचर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। संयोग से मृतक नाबालिक का भी नाम राजदीप रॉय है।

पुलिस ने बताया कि लड़के की मां सांसद के आवास पर काम करती थीं। ऐसे में लड़का अपनी बड़ी बहन के साथ यहीं रहता था। वह कक्षा 5वीं का छात्र था। परिवार के एक शख्स ने बताया, वे लोग कछार जिले के पालोंग घाट इलाके के रहने वाले थे। लड़के की मां राजदीप रॉय के आवास पर काम करती थीं। अच्छी शिक्षा के लिए 2 साल पहले वह दोनों बच्चों को भी सिलचर ले आई थीं।

भाजपा सांसद को जब जानकारी मिली तो वह अपने आवास पर पहुंचे। उन्हें पता चला था कि उनके आवास का दरवाजा अंदर से बंद है। जब पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो लड़का बेहोशी की हालत में पाया गया। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस का कहना है कि प्रथम संदर्भ से मामला खुदकुशी का लगता है। लोगों ने यह भी बताया कि वह अपनी मां से बेहद नाराज था। उसे मोबाइल फोन नहीं दिलाया गया था। वह वीडियो गेम खेलने के लिए कई दिनों सो मोबाइल फोन की मांग कर रहा था।

लड़के की मां बेटी के साथ बाजार से सामान लेने जा रही थी। लड़के ने उनसे फोन मांगा था लेकिन उन्होंने मना कर दिया। जब वह 40 मिनट बाद लौटीं तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। सांसद का कहना है कि हो सकता है कि यह खुदकुशी न हो इसलिए पुलिस से हर ऐंगल से जांच करने को कहा गया है।



# मुंबई के सांताक्रूज इलाके के गैलेक्सी होटल में लगी भीषण आग

### 3 लोगों की मौत; 8 बुरी तरह झुलसे

**मुंबई ,27 अगस्त 2023 (ए)।** मुंबई के सांताक्रुज इलाके में स्थित गैलेक्सी होटल में आग लग गई, आग की इस घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई, बताते हैं कि इस हादसे में 3 लोगों की झुलकर मौत हो गई वहीं 8 लोग बुरी तरीके से झुलस गए हैं, आग की लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गई हैं।

फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर आग को बुझाने की कोशिशों में जुटी हैं, वहीं गैलेक्सी होटल के बाकी हिस्से को खाली करा दिया गया है, आग किस वजह से लगी इसका पता नहीं चल सका है। दोपहर में लगी आग देखते ही देखते होटल का बड़ा इलाका आग की चपेट में आ गया और हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

मुंबई फायर ब्रिगेड के मुताबिक होटल में यह आग तीसरे माले पर स्थित कमरा नंबर 103 और 203 में लगी थी, आग की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है जिससे कमरे में लगे एसी यूनिट, पर्दे, गद्दे, फर्नीचर के सामान जल गए।

# दामाद को माता-पिता को छोड़ने, घर जमाई बनकर रहने के लिए कहना क्रूरता जैसा : दिल्ली हाईकोर्ट




**नई दिल्ली ,27 अगस्त 2023 (ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को तलाक का आदेश देते हुए फैसला सुनाया है कि किसी व्यक्ति पर अपने माता-पिता को छोड़ने और अपने ससुराल वालों के साथ घर जमाई के रूप में रहने के लिए दबाव डालना क्रूरता के समान है। यह फैसला उस व्यक्ति की तलाक की याचिका शुरू में एक पारिवारिक अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद आया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने पारिवारिक अदालत के आदेश को रद्द कर दिया और पत्नी द्वारा क्रूरता और परित्याग के आधार पर जोड़े के तलाक पर मुहर लगा दी। अपनी याचिका में व्यक्ति ने कहा था कि उसकी शादी मई 2001 में हुई थी। एक साल के भीतर उसकी पत्नी गर्भवती होने पर गुजरात में अपना ससुराल छोड़कर दिल्ली में अपने माता-पिता के घर लौट आई।

उस व्यक्ति ने कहा कि उसने सुलह के लिए गंभीर प्रयास किए, लेकिन उसकी पत्नी और उसके माता-पिता ने जोर देकर कहा कि वह गुजरात से दिल्ली आ जाए और उनके साथ घर जमाई के रूप में रहे। मगर उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया, क्योंकि उसे अपने बूढ़े माता-पिता की देखभाल करनी थी। दूसरी ओर, महिला ने दहेज के लिए उत्पीड़न का दावा किया और आरोप लगाया कि वह व्यक्ति शराबी था, जो उसके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार और क्रूरता करता था। इसलिए मार्च 2002 में उसने पति का घर छोड़ दिया। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि किसी के बेटे को अपने परिवार से अलग होने के लिए कहना क्रूरता के समान है।

फैसले में कहा गया था कि भारत में किसी बेटे के लिए शादी के बाद अपने परिवार से अलग होना वांछनीय नहीं है, और उम्र बढ़ने पर अपने माता-पिता की देखभाल करना उसका नैतिक और कानूनी दायित्व है। उच्च न्यायालय ने माना कि पत्नी के परिवार का पति पर अपने माता-पिता को छोड़ने और घर जमाई बनने का आग्रह करना क्रूरता के समान है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि दोनों पक्ष कुछ महीनों तक एक साथ रहे थे, जिस दौरान उन्हें वैवाहिक संबंध को बनाए रखने में असमर्थता का पता चला। निष्कर्ष यह निकला कि दाम्पत्य संबंधों से वंचित करना अत्यधिक क्रूरता का कार्य है।

अदालत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उस व्यक्ति को उसकी पत्नी द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया था, जिसमें उसने उस पर क्रूरता और विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया था। महिला के आरोप प्रमाणित नहीं हुए और अदालत ने कहा कि झूठी शिकायतें क्रूरता का कृत्य बनती हैं। विवाहेतर संबंधों के आरोपों के संबंध में अदालत ने कहा कि लंबे समय तक अलगाव के कारण पुरुष और महिला दोनों को अपनी शादी के बाहर दूसरे साथी की तलाश करनी पड़ी। अदालत ने अंततः निष्कर्ष निकाला कि सबूतों से पता चलता है कि महिला बिना किसी उचित कारण के अपने पति से अलग रहने लगी थी, जिसके कारण तलाक हुआ।

# सीबीआई ने आईआईटीएम अधिकारियों,निजी फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज की




**नई दिल्ली ,27 अगस्त 2023 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा है कि मुंबई स्थित एक निजी फर्म, जिसने डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड के मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) होने का दावा किया था, वास्तव में एलईडी पैनल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स चीन से आयात करती थी। सीबीआई ने कहा कि फर्म के अधिकारियों ने अहमदाबाद (एसएएफएआर-अहमदाबाद) के लिए वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान को अत्यधिक कीमतों पर बेचा।

एजेंसी ने आईआईटीएम, पुणे के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिसमें 'वैज्ञानिकजी' कहे जाने वाले गुफरान बेग और अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। उन पर उपरोक्त फर्म को टेंडर देकर और बाद में पूर्ण भुगतान को मंजूरी देकर उसका पक्ष लेने की साजिश रचने का आरोप है। सीबीआई ने कहा कि अहमदाबाद (एसएएफएआर-अहमदाबाद) के लिए वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली के लिए डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम (डीडीएस) के लिए निविदा जारी की गई थी।

सीबीआई ने कहा कि विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि 2015-16 के दौरान गुफरान बेग, 'वैज्ञानिकजी' और अन्य अधिकारियों सहित आईआईटीएम के अधिकारियों ने वीडियो वॉल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के निदेशक अनिल गिरकर के साथ साजिश रची थी। सीबीआई ने कहा, उन्होंने डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम के लिए वीडियो वॉल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को टेंडर दिया। लिमिटेड के आरोपों में कहा गया है कि उन्होंने निविदा के नियमों और शर्तों के साथ-साथ आवश्यक वस्तु विनिर्देशों को कमजोर कर दिया।

## संपादकीय

# नीतिगत अस्थिरता की मिसाल

निर्यात रोकने के बाद अब सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी। यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। लेकिन सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए।

अचानक आयात या निर्यात को रोक देना नरेंद्र मोदी सरकार की खास पहचान बन चुकी है। फैसले चौंकाने वाले अंदाज में लिए जाते हैं, जिससे प्रभावित होने वाले तबकों को किसी पूर्व तैयारी का मौका नहीं मिलता। ऐसी मिसाल हाल में एक तरफ कंप्यूटर और उससे संबंधित उपकरणों का आयात रोकने के निर्णय के रूप में देखने को मिली, तो दूसरी तरफ अचानक चावल और फिर प्याज का निर्यात रोक दिया गया। ऐसे फैसलों से निर्यात श्रृंखला से जुड़े तमाम उत्पादकों और कारोबारियों के लिए अचानक जो मुसीबत खड़ी होती है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसे का जो संकट खड़ा होता है, वर्तमान सरकार उसकी परवाह नहीं करती। मगर इस बार प्याज के मामले में फैसला होते ही प्याज किसान सड़कों पर उतर आए। चुनाव के गरमाते सीजन में किसानों के इस गुस्से से सत्ताधारी दल में आशंकाएं पैदा हुई। तो अब वाणिज्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने किसानों को भरोसा दिया है कि उनके नुकसान की भरपाई की कोशिश में सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी।

यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। असल में सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए। नौ साल पहले जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब एक मूल्य स्थिरता (प्राइस स्टैबलाइजेशन) कोष बनाने का इरादा जताया गया था। उसका मकसद बाजारों में उस कोष के जरिए हस्तक्षेप कर जरूरी चीजों की कीमतों को स्थिरता देना बताया गया था। लेकिन बाद में उस बात को भुला दिया गया। इसके विपरीत विभिन्न क्षेत्रों में मोनोपोली कायम करने वाले कदमों को बढ़ावा दिया गया। यह अनेक अध्ययनों का निष्कर्ष है कि आज के दौर की महंगाई मोनोपोली और विक्रेताओं के लगातार मुनाफा बढ़ाने के प्रयासों का नतीजा है। इसकी कीमत आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि जैसे क्षेत्र में उत्पादकों यानी किसानों को भी चुकानी पड़ रही है। किसानों का सवाल वाजिब है कि जब कीमतें बढ़ने के कारण उन्हें लाभ होने की स्थिति होती है, तो सरकार इसमें ब्रेक क्यों लगा देती है? सरकार को इस प्रश्न का जवाब देना चाहिए।

## कोई कीमत नहीं

परमात्मा ने हमें दे रखी है<br>
सांस लेने के लिए ऑक्सीजन<br>
इसके बिना तो हम मर जाएंगे<br>
इसकी कोई भी कीमत नहीं!<br>
परमात्मा ने हमें दे रखी है<br>
रहने के लिए इतनी धरती<br>
इसके बिना जीवन मुश्किल था<br>
पर इसकी तो कोई कीमत नहीं!<br>
परमात्मा ने दे रखे हैं हमें पहाड़<br>
जिन पर मिलती है वनस्पति<br>
यह जीवन के लिए है उपयोगी<br>
पर इसकी तो कोई कीमत ही नहीं!<br>
परमात्मा ने दे रखे हैं हमें बहुत<br>
सारे मित्र और अच्छा परिवार<br>
इनके बिना जीवन होता कठिन<br>
पर इसकी तो कोई कीमत ही नहीं!<br>
परमात्मा ने दे रखी है हमें जिंदगी<br>
इस जिंदगी में हम करते हैं कई काम<br>
बहुमूल्य विकास, अध्यात्मिकत<br>
यह है सुखी जीवन का आधार<br>
इसकी तो कोई कीमत ही नहीं



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**<br>
रोहतक ( हरियाणा)

# कोरोना योद्धाओं का सम्मान या अपमान?

कल छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर शहर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा कोरोना योद्धाओं के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया था, इस दौरान कोरोना काल में लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा के लिए आगे आए चुनिंदा लोगों को सम्मानित किया गया...जो बेहद ही काबिले तारीफ़ है ऐसे सम्मान से लोगों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे भी ऐसे कार्य करने को प्रेरित करता है.....पर ऐसे सामारोह का एक दूसरा पहलू भी है जिस पर गौर करना ज़रूरी भी है...ये उन लोगों का मनोबल तोड़ने का भी काम कर रहा जिन्होंने कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में हर घड़ी, हर रूप , हर तरीके से पुरी ताकत से इस विपदा में लोगों को सहयोग करते दिखे थे और अपने जान की परवाह किए बगैर शव के अंतिम संस्कार तक अपने मानवीय धर्म को पुरा किया था ।

कोरोना काल में किए गए मानवीय सेवाओं का शहर में जब भी जिक्र होता है अनोखी सोच संस्था और मां गौरी रसोई के जैसे सभी कर्मवीर योद्धाओं का ज़िक्र ज़रूर आता है उस सकंटकाल में सभी के सभी लोग निस्वार्थ भाव से , भूख









से बेहाल लोगों को भोजन - पानी और राशन उपलब्ध कराते थे मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों को भोजन उपल्ब्ध कराते थे, हॉस्पिटल परिसर में दिन रात खाना खिलाने से लेकर घर - घर असहाय लोगों को भोजन राशन उपलब्ध करा रहे थे , बात मरीजों और उनके बेसहारे परिजन को सुविधा देने की हो या पैदल, सायकल ,ट्रकों। में भरकर आ रहे भूख से बेहाल प्रवासी मज़दूरों के लिए कैंप लगाकर उन्हें भोजन दवाईयां उपलब्ध कराने की हो अनोखी सोच संस्था ने हरसंभव वो कार्य किया था जो मानवीय कर्तव्य की पूर्ति करता हो । कोरोना काल में क्या हालात थे, ये किसी से छिपे हुए नहीं है। कोरोना काल में जब खून का रिश्ता भी साथ देने को तैयार नहीं था, मृत्यु पश्चात अपनों के शवों को लोग हाथ लगाने पास आने से से घबरा उठते थे और उन्हें अंतिम विदाई देने का भी हिम्मत नही रख पाते थे, उस विपरीत परिस्थितियों में भी अनोखी सोच संस्था के लोगों ने ऐसे शवों का पूरे विधि विधान से परिवारजनों के समक्ष PPE किट पहनकर कंधे पर शवों को उठाकर पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार करवाया और उन्हें अंतिम विदाई दी ।

इस तरह के समारोह में सम्मान के हकदार होने के क्या मापक है मैं इसे नही जानता पर ये गुज़ारिश ज़रूर कर सकता हूं की अगर आपका किसी मनोबल बढ़ा भी रहे है तो किसी का मनोबल तोड़े भी ना... ऐसे और भी कई सिरफिरे लोग थे जिन्होंने अपना मानवीय धर्म निभाया था इस विपदा में, उनकी अनदेखी भी ऐसे समारोह पर हमेशा सवालिया निशान उठाते दिखेगी...काश ऐसे कार्यक्रम राजनीति से परे हो और उन सिरफोरों को ऐसा सम्मान भी मिले जो उन्हें हमेशा सिरफिरा बने रहने की हिम्मत और हौसला देता रहे ।

कुछ तस्वीरें है जो ऐसे कार्यक्रम की नींव रखने वाले संस्था और लोगों के धुंधली और मिट गई झलक को दुबारा जिंदा कर पाए, और ऐसी अनदेखी ना कर पाए...

**पंकज चौधरी,**<br>
**अधिवक्ता, अम्बिकापुर**

# ऊधमबाजी से रुआंसा हुआ चंद्रयान

चंद्रयान-3 जितने हौले-से चंद्रमा की सतह पर उतरा,हमारी सत्तारूढ़-मंडली इसकी श्रेय की कलगी ज़िल्ल-ए-सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी। दरअसल हमें हर बात पर बस ऊधम मचाना है। रीति-रिवाज़ पर, धर्म पर, भाषा पर, खानपान पर, गाय पर, चीते पर, राजचिह्न पर, सेंगोल पर, संविधान की धाराओं पर, संसद के निर्माण पर, वंदेभारत रेल पर, प्रगति मैदान की सुरंग पर, सिर्फ़ ऊधमी बिगुल बजाना है। छिप-छिपा कर और खुलेआम किए गए अपने हर करतब के बखान की घ्वनि को डेढ़ सौ डेसिबल तक पहुंचाने के लिए जी-जान एक कर देना है। ज चंद्रयान-3 जितने हौले-से चंद्रमा की सतह पर उतरा, हमारी सत्तारूढ़-मंडली इसकी श्रेय की कलगी ज़िल्ल-ए-सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी।

चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर जितने हौले-से उतरा, हमारी सत्तारूढ़-मंडली इस के समूचे श्रेय की कलगी ज़िल्ल-ए-सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी। ताबेदार अपने सुल्तान के मन की बात न जानें तो काहे के ताबेदार? फिर ज़िल्ल-ए-सुब्हानी स्वयं भी कौन-से संकोची हैं? एक दशक में संसार की सारी रोशनी का किरण-केंद्र उन्होंने जैसे खुद पर कर रखा है, उस की चुधियाहट में कोई और किसी को दिखाई ही कहां दे रहा है? सो, छोटे परदे और अख़बार के पन्नों के आधे से ज़्यादा हिस्से पर पर हम ने अपने प्रजापालक को पसरे देखा और चंद्रयान बेचारा चंदामामा की गोद में सिकुड़ कर छुप गया।

ब्रिक्स की बेइंतिहा मसरूफ़ियत के बावजूद अपना अमूल्य समय निकाल कर हमारे सुल्तान ने इसरो के प्रमुख श्रीधर पणिक्कर सोमनाथ को याद दिलाया कि उन के तो नाम में ही 'सोम' है, सो, सोमनाथ के होते चंद्रयान भला कैसे चांद पर न उतरता? भगवान शिव के प्रति अपने प्रधानमंत्री के ऐसे भक्तिभाव ने मुझे गदगद कर दिया। विज्ञान की उपलब्धियों को अध्यात्म की छुअन दे कर सोने पर सुहागा करने की जैसी विलक्षण कला नरेंद्र भाई मोदी में है, मैं ने तो किसी और में नहीं देखी। राजा दक्ष प्रजापति के श्राप से मुक्ति पाने के लिए चंद्र देवता ने शिव को अपना स्वामी मान कर पृथ्वी पर जहां तपस्या की थी, वह जगह गुजरात के सौराष्ट्र में है। चंद्र देवता ने शिव से वहां ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थापित होने का आग्रह किया। बारह ज्योतिर्लिंगों में से यही पहला है ङ्क सोमनाथ।

मैं भी पूरी आस्था से यह बात मानता हूं कि विज्ञान-फिज्ञान अपनी जगह है, मगर अगर ईश्वर साथ न हो तो सफलता नहीं मिलती। इसलिए हमें अपने चंद्रयान अभियान की भावी श्रंखलाओं को भी सफल बनाने के लिए यह ध्यान रखना बेहतर होगा कि इसरो के सभी अगले प्रमुखों के नामों में रुद्र, पशुपति, महेश्वर, वामदेव, शंकर, श्रीकंठ, अंबिकानाथ, गंगाधर, जटाधर, विश्वेश्वर, मृत्युजय जैसे शब्दों का समावेश हो। ऐसा होगा तो चंद्रयानों की झड़ी लग जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अब हमें इतना जागरूक तो बना ही दिया है कि हम जानें भी और मानें भी कि इसरो के अब तक के 89 उपग्रह मिशनों में से 47 का लॉच नरेंद्र भाई मोदी के नौ साल में हुआ है। यानी इसरो की स्थापना के बाद 52 बरस में सिर्फ़ 42 सैटेलाइट लॉच हुए ङ्क हर सवा साल में एक; और, नरेंद्र भाई के राज में हर साल पांच से ज़्यादा।





नरेंद्र भाई के पहले 13 लोग देश के प्रधानमंत्री बने, पर सब ऊंघते रहे। आप कहते रहिए कि नरेंद्र भाई के आगमन के बाद हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट घटा है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि विज्ञान की हमारी दुनिया के भाग्य तो 2014 के बाद ही खुले हैं।

कोई समझा हो, न समझा हो, मैं तो साढ़े चार बरस पहले ही समझ गया था कि अब आकाश-जगत में भारत को विश्व-गुरु बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। फरवरी 2019 में जिस दिन प्रधानमंत्री जी ने पाकिस्तानी सरहद में बने आतंकवादी अड्डो पर सर्जिकल स्ट्राइक की तारीख़ मौसम की खराबी की वजह से बदलने की इजाज़त नहीं दी और कहा कि बादल और बरसात हैं तो और भी अच्छा है, क्योंकि पाकिस्तान के राडार हमारे विमानों को पकड़ नहीं पाएंगे; मैं तो उसी दिन से लंबी चादर तान कर निश्चिंत सो रहा हूं। काहे का इसरो? काहे के वैज्ञानिक? चंद्रयान का चांद पर अवतरण हमारे मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व की प्रज्ञा और कौशल की उपलब्धि है। पहले के प्रधानमंत्रियों की तरह अगर नरेंद्र भाई भी तंद्राभिभूत होते तो क्या हम चांद पर उतरने वाला चौथा और उस के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बनते?

आज़ादी के बाद 1948-49 में भारत सरकार का बजट 197 करोड़ रुपए का था। पंडित जवाहरलाल नेहरू तब कसामुसी के चलते विज्ञान परियोजनाओं के लिए सिर्फ़ एक करोड़ 10 लाख रुपए आवंटित कर पाए थे। यानी बजट का तक़रीबन आधा प्रतिशत। मगर जब नेहरू के कार्यकाल के आख़ीर में देश का बजट 1700 करोड़ रुपए हो गया तो विज्ञान परियोजनाओं के लिए उन्होंने 85 करोड़ रुपए रखे। यानी पांच प्रतिशत। एक करोड़ से 85 करोड़ रुपए तक का इज़ाफ़ा। यह 15 साल में 85 गुना बढ़ोतरी ही हुई न? और, अब हाल क्या है? आज जब देश का बजट क़रीब साढ़े 39 लाख करोड़ रुपए का है, विज्ञान परियोजनाओं के लिए नरेंद्र भाई ने 14217 करोड़ रुपए दिए हैं। यानी आधा प्रतिशत से भी कम। मगर फिर भी नेहरू विज्ञान को ले कर आलसी थे और नरेंद्र भाई ने विज्ञान परियोजनाओं को ऐसी रफ़्तार दे दी है कि भूतो न भविष्यति। यही बात मैं ने चंद्रयान पर हुई टेलीविजन बहसों में कह दी तो नरेंद्रोन्मुख बहसबाज़ तो बहसबाज़, गिलगिल करने वाले टीवी-सूत्रधार भी शाब्दिक ताडव करने लगे।

चंद्रशेखर वेंकट रामन, होमी जहांगीर भाभा, विक्रम साराभाई, हरगोविंद खुराना, सतीश धवन, शांतिस्वरूप भटनागर, एपीजे अब्दुल कलाम, वग़ैरह आज होते तो विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल हो रही उपलब्धियों के नाम पर पिछले कुछ वक़्त से हो रही सियासत को देख कर अपना सिर पीट रहे होते। ठीक है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति विकास परियोजनाओं को गति देने का प्रमुख घटक है। लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य हासिल करने के अदम्य हौसले के लिए अपने वैज्ञानिकों, अपने सैन्यबलों, अपने श्रमिकों, अपने कृषकों, अपने शिक्षाविदों और समाज के समूचे क्षितिज को संभाले बैठे नायक-नायिकाओं के अनुगमन की भावना के बजाय उन के श्रेय में सेंधमारी की नीयत रखना, आप ही बताइए, अक्षम्य है या नहीं? उन के स्वेद-बिंदुओं से स्वयं की सूरत संवारने का सिलसिला समाप्त होना चाहिए या नहीं?

पिछले एक दशक में ऊधमबाज़ी की बढ़ती प्रवृत्ति ने हमारे सकारात्मक प्रतिफलों के उत्सवों को भी हो-हल्ले में तब्दील कर दिया है। अब हम अपने अर्जन-सृजन के संगीत का आनंद लेने को नहीं थिरकते हैं, लाल रोशनी और नीले धुएं का अंबार लगा कर चिल्लपों में डूबते-उतरते हैं। हमें हर बात पर बस ऊधम मचाना है। रीति-रिवाज़ पर, धर्म पर, भाषा पर, खानपान पर, गाय पर, चीते पर, राजचिह्न पर, सेंगोल पर, संविधान की धाराओं पर, संसद के निर्माण पर, वंदेभारत रेल पर, प्रगति मैदान की सुरंग पर, सिर्फ़ ऊधमी बिगुल बजाना है। छिप-छिपा कर और खुलेआम किए गए अपने हर करतब के बखान की घ्वनि को डेढ़ सौ डेसिबल तक पहुंचाने के लिए जी-जान एक कर देना है।

सो, थोड़े दिनों के लिए चंद्रयान का बहाना भी मिल गया। साप्ताहिक आयोजनों के ज़रिए अपनी प्रजा का दिल बहलाए रखने वाले ज़िल्ल-ए-सुब्हानी के झोले में काले जादू की पुड़ियाओं का ढेर है। उन के झोले से निकलने वाली अगली पुड़िया का इंतज़ार कीजिए। ये किसी नीम-हकीम की नहीं, एक खांटी-हाकिम की पुड़ियाएं हैं। इन पुड़ियाओं ने आप का आधे से अधिक विचार-कल्प कर दिया है। आप मदहोशी में अगर ऐसे ही तंद्राग्रस्त बने रहेंगे तो आप का बचा-खुचा चिंतन-कल्प भी आने वाले वक़्त में हो जाएगा। लेकिन मैं करवट लेते समय की आहट सुन रहा हूं। आप भी ज़रा ध्यान से कान लगाइए। शायद आप को भी यह आहट सुनाई दे।

**-पंकज शर्मा-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# प्याज की मार-एक्शन में सरकार-40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार

भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमींमहसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! जी हां यह बात हम सबको अनुभव अभी हुई है, जब टमाटर का रेट हमने 400 रुपए प्रति किलोग्राम तक भी दिए हैं, फिर सरकार ने नाफेड के माध्यम से टमाटर सस्ते में बेचना चालू किया,जिससे राहत मिली अब टमाटर नाफेड में 40 रुपए प्रति किलोग्राम से आपूर्ति हो रहें है। परंतु फिर चली है महंगाई की आरी, टमाटर के बाद अब प्याज की तैयारी! ज़सि तरह से प्याज के भाव बढ़ते जा रहे हैं, हमें टमाटर के भाव के कुछ दिनों पहले जो अतीत बनें याद आ रहे हैं और अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत शनिवार 19 अगस्त 2023 को 30.72 रुपए प्रति किलोग्राम और अधिकतम कीमत 63 रुपए प्रति किलोग्राम और न्यूनतम कीमत 10 रुपए प्रति किलोग्राम हुआ, जिसका आभास होते ही सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरी-मार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। चूंकि प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की मार, एक्शन में सरकार 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार।

साथियों बात अगर हम टमाटर के बाद अब प्याज की कीमतों में वृद्धि और सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाने की करें तो, टमाटर की आसमान छूती कीमतों से बड़ी मुश्किल से निजात मिली है। धीरे-धीरे टमाटर के दाम कम होने शुरू हुए है। टमाटर की कीमतों के बीच प्याज ने सरकार की चिंता बढ़ाना शुरू कर दिया। प्याज की बढ़ती कीमतों का हाल भी टमाटर जैसा न हो जाए इसलिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है, प्याज की मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में आपूर्ति में सुधार के लिए प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत नियार्त शुल्क लगाया है। दरअसल प्याज की कीमतों में लगातार तेजी आ रही है। कई रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में प्याज की कीमतों में और उठाल देखने को मिल सकता है।सरकार ने प्याज के अलावा टमाटर की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए भी बड़ा कदम उठाया था.। सरकार 20 अगस्त 2023 से 40 रुपए प्रति किलो के भाव से टमाटर बेच रही है। उपभोक्ता मामलोंके विभाग ने नाफेड और एनसीसीएफ को 20 अगस्त को 40 रुपये भाव पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया था। अब प्याज की कीमत 50 रुपये से 60 रुपये तक होने जाने की संभावना जताई जा रही है। सरकार ने इन कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कमद उठाया है। इससे पहले सरकार ने प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए नई फसल के आने तक कुछ खास क्षेत्रों में अपने बफर स्टॉक से प्याज बाजार में उतारने की घोषणा की थी। खराब गुणवत्ता वाले प्याज की बड़ी हिस्सेदारी, टमाटर के साथ-साथ अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमत, बाढ़ और भारी बरसात के कारण प्याज की कीमतों को महंगा करने के लिए जिम्मेदार है । गौरतलब है कि सब्जियों और अनाज की कीमतों में तेज उछाल के कारण खुदरा मुद्रास्फीति के दर में बढ़त देखने को मिली है। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 फीसदी पर पहुंच गया। खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है।



साथियों बात अगर हम प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत लगाने के कारणों की करें तो, इस साल जनवरी से मार्च 2023 की अवधि में प्याज का निर्यात असाधारण रूप से उच्च स्तरपर लगभग 8.2 लाख टन रहा है, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह 3.8 लाख टन था।सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून के देरी से आने के कारण खरीफ की बुआई में देरी हुई।यही कारण रहा है कि प्याज समेत अन्य जरूरी सब्जियों की औसत खुदरा कीमत एक महीने पहले के 25 रुपये की तुलना में बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) ने भी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से 1.50 लाख टन प्याज की खरीद की थी। इसके अलावा, प्याज की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए सरकार ने पायलट आधार पर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की मदद से इसका विकिरण शुरू किया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 से 2023-24 के बीच उच्च खपत वाले क्षेत्रों में रबी सीजन की खरीद के कारण प्याज का वार्षिक बफर एक लाख टन से तीन लाख टन तक होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, प्याज बफर ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत को प्याज की लगभग 65 प्रतिशत आपूर्ति रबी सीजन से प्राप्त होती है, जिसकी कटाई अप्रैल-जून के दौरान होती है और अक्टूबर-नवंबर में खरीफ फसल की कटाई होने तक उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किया जाता है।

साथियों बात अगर हम जुलाई में मुद्रा स्फीति दर टमाटर सब्जियों के कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक बढ़कर 7.44 प्रतिशत की करें तो, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.44 प्रतिशत हो गई, जो जून में 4.87 प्रतिशत थी पिघले हफ़्ते सरकार की ओर से इसके आंकड़े जारी किए गए। जुलाई में खुदरा महंगाई दर आरबीआई की ओर से तय महंगाई के बैंड दो से छह प्रतिशत के दायरे से बाहर निकल गई है। सब्जियों खासकर टमाटर समेत खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण जुलाई 2023 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 7 फीसदी के पार पहुंच गई है। बता दें कि जुलाई में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में 7.44 फीसदी दर्ज की गई थी। पिछले साल जुलाई, 2022 में ये 6.71 फीसदी थी। इसके पहले जून, 2023 में ये 4.87 फीसदी थी. जुलाई में फूड बास्केट में महंगाई दर 11.51 फीसदी थी।

साथियों बात अगर हम प्याज महंगे होने के इतिहास की करें तो, प्याज के महंगे होने की कहानी कोई पहली बार की नहीं है. अगर 10 साल पीछे के प्याज कारोबार को देखें तो महंगी प्याज ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। देश की सरकारों को हिलाने के साथ ही यह भी पहला ही मौका था जब किसी सामान के महंगा होने की वजह जानने के लिए जांचआयोग बनाया गया था। हालांकि जमाखोरों और दलालों के चलते आयोग को अपना काम बीच में ही बंद करना पड़ा था। लेकिन बंद होने से पहले आयोग ने यह रिपोर्ट दे दी थी कि प्याज महंगी होने के पीछे कोई एक नहीं कई बड़ी वजह हैं. आपको बता दें कि दिल्ली समेत देशभर में रफ्तार पकड़ रही प्याज के भाव को कंट्रोल करने की कवायद का असर शायद दिखने लगा है, सरकार ने प्याज की आसमान छूती कीमतों के मद्देनजर इसके भंडारण की अधिकतम सीमा तय कर दी है। इसके अलावा निर्यात पर40 प्रतिशत के उपाय किए गए हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि महंगाई की आरी - टमाटर के बाद अब प्याज़ की तैयारी।प्याज़ की मार - एक्शन में सरकार - 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार।टमाटर जैसा हाल प्याज़ का भी ना हो जाए इसलिए प्याज़ निर्यात पर 40 परसेंट निर्यात शुल्क लगाना उचित कदम है।



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी<br>
गोंदिया महाराष्ट्र

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## छत्तीसगढ़ के पावन भुइयाँ

छत्तीसगढ़ के पावन भुइयाँ<br>
मैं हर लागंव ओ तोर पईयाँ<br>
तोर माटी हर चंदन बरोबर<br>
मैं हर वंदन तोरेच लगईया।<br>
ए माटी के हे अनमिट गाथा<br>
अनमिट हावय तोर महिमा<br>
कतको मैं ह तोर गुण गावां<br>
पार नईच मिलय सहिच मा।<br>
रंग-रंग के तोरे कोरा म दाई<br>
अनमोल खजाना समाए हे<br>
अन्नधान के तहीं हर कटोरा<br>
इनकर आशीष सब पाए हे।<br>
तोर कोरा के इहिच माटी म<br>
सत-संतन के, अवतार होईस<br>
सुंदर लाल, घासी गाहिरा गुरु<br>
दुखिया मन के उद्धार करिस।<br>
स्वामी आत्मा जी महेश योगी<br>
जन्मीन लाखे प्यारे,वामन जी<br>
जन-जन के परोपकार करके<br>
हमर हक ल दिस सम्मान जी।<br>
छेदी,राघवेंद्र सप्रे,श्री बघेल जी<br>
मिनि,दाऊ, मान हमर बढ़ाईस<br>
सद्भाव सुमता के संदेश ल देके<br>
छत्तीसगढ़ ल नवा राज बनाईन।<br>
कला संस्कृति के मान करईया<br>
चक्रधर,मंद्रा मन जोत जलाईन<br>
लोक कला के रखवारी करईया<br>
देशमुख जी महिमा ल बचाईन।<br>
ए धरती म पावन अमृत धारा<br>
महानदी के पानी लहरा मारे हे<br>
इहाँ के पथरा रज-रज माटी ह<br>
राम-लखन कौशल अवतारे हे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**अशोक पटेल आशु**<br>
शिवरीनारायन<br>
छत्तीसगढ़

## द्वार खुले हैं भोले



मन के द्वार खुले हैं भोले,<br>
अब तो भीतर आओ ना,<br>
अखियां थक गई राह निहारे,<br>
अब दर्शन दे जाओ ना।<br>
मन के द्वार .....<br>
हमने तो सुन रखा था भोले,<br>
तुम देवों के देव कपाली,<br>
सबको इतना बांट रहे हो,<br>
झोली रही ना कोई खाली।<br>
मन के द्वार ...<br>
किसको कितना है देना और,<br>
किससे कितना है लेना,<br>
भोले नें जन्मों की पोथी,<br>
खोल रखी हैं अब ये सारी।<br>
मन के द्वार .......<br>
भोले के सावन का लेखा,<br>
हमने भी अब देख लिया,<br>
मोह लिया भोले ने हमको,<br>
मन-दर्पण सब झार दिया।<br>
मन के द्वार ....<br>
भोले-भोले कह झूम लें सारे,<br>
आ गए हैं भोले द्वारे,<br>
मन की किवडिया रहे ना रीति,<br>
सुख ले आए भोले सारे।<br>
मन के द्वार .....

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**<br>
गांधीनगर,<br>
इन्दौर<br>
मध्यप्रदेश

## चन्द्रमा की सैर

आओ बच्चों चन्द्रयान बनायें<br>
चन्दा मामा के घर ले जायें<br>
कल तक चन्दा थे अति दूर<br>
इशरो ने कर दी चन्द्रयान की टूर<br>
भारत का मस्तक हुआ अब ऊँचा<br>
चन्दा की नगरी जब हिन्द का होगा<br>
वेद पुरान में थे चन्दा भी हमारे<br>
सनातन धर्म के महान हैं सितारे<br>
अस्था की प्रतीक है चन्दा मामा<br>
शीतलता का मीत है ना है घामा<br>
बिन प्रकाश के करता है धरा अंजोर<br>
प्रकृति का है अनमोल ये सिरमोर<br>
भोले शंकर की मष्तक की है ये शोभा<br>
देव दानव मानव का भी मन है मोहा<br>
दूज की चाँद अति इनकी है निराली<br>
बिन चन्दा अमावश सा है अति काली<br>
भले ही धरती चन्दा की है अति कठेर<br>
पागल हो जाता है चन्दा देख चकौर<br>
चॉद सुहानी रात है मन मयुर लुभानी<br>
बच्चे बच्चे की जुवां पे चन्दा<br>
मामा कहानी

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**उदय किशोर साह**<br>
जयपुर जिला<br>
बांका बिहार

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सुनक बोले-जघन्य हत्या के दोषियों के लिए अनिवार्य बनाएंगे आजीवन कारावास की सजा,कानूनों में करेंगे फेरबदल

**लंदन,27 अगस्त 2023 ।** उत्तरी इंग्लैंड में इसी सप्ताह एक नर्स को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उसे सात बच्चों की हत्या के मामले में दोषी पाया गया था। इसी क्रम में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने नए सख्त कानूनों की योजना का खुलासा किया है। इसका मतलब यह है कि जघन्य हत्याओं को दोषियों को जीवन भर सलाखों के पीछे रहना होगा। इसमें पैरोल या जल्द रिहाई के लिए विचार किए जाने की कोई संभावना नहीं होगी।

सुनक ने शनिवार को एक बयान में कहा, जीवन का मतलब जीवन है और न्यायाधीशों को उन अपराधियों को अनिवार्य रूप से आजीवन कारावास की सजा देना अनिवार्य होगा जो जघन्य हत्या करते हैं। नया कानून कुछ परिस्थितियों को छोड़कर न्यायाधीशों से गंभीर अपराधियों को आजीवन सलाखों के पीछे भेजने के आदेश की अपेक्षा रखेगा।



भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मैंने हाल ही में देखे गए क्रूर अपराधों पर जनता की भयावहता को साझा किया है। लोग की उम्मीद सही है कि सबसे गंभीर मामलों में इस बात की गारंटी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन का मतलब जीवन है और लोग सजा में ईमानदारी की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि जघन्य अपराधियों के लिए अनिवार्य आजीवन कारावास का आदेश लाकर हम सुनिश्चित करेंगे कि वे कभी जेल से न छूटें।

उत्तरी इंग्लैंड के एक अस्पताल में सात नवजात शिशुओं की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने के बाद नर्स लूसी लेटबी को आजीवन कारावास की सजा का आदेश दिया गया था। ब्रिटेन के वैधानिक प्रावधान मौत की सजा की अनुमति नहीं देते हैं। इसलिए यहां दी जाने वाली सबसे कठोर सजा आजीवन कारावास की अवधि है। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि चीजों को कानूनी आधार पर रखने से न्यायाधीशों को अपीलीय अदालतों में चुनौती के जोखिम के बिना आजीवन कारावास के आदेश देने मेंअधिक आत्मविश्वास होगा।

कानूनी फेरबदल के तहत किसी भी यौन प्रेरित हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा होगी। न्याय मंत्री एलेस चॉक ने कहा, हत्यारों के लिए अब आजीवन सजा के आदेश की अपेक्षा होगी। कानून में यह महत्वपूर्ण बदलाव सुनिश्चित करेगा कि सबसे खराब व्यक्ति अपना शेष जीवन जेल की सलाखों के पीछे बिताए। ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि वह अगले महीने संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से लौटने के साथ ही इन बदलावों के लिए कानून बनाएगी।



## ड्रोन अटैक से मॉस्को में फैली दहशत,3 एयरपोर्ट किए गए बंद

**मास्को ,27 अगस्त 2023।** रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष जारी है। मॉस्को पर एक ड्रोन हमले के कारण यहां के तीन प्रमुख हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। ड्रोन हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया गया है।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि मॉस्को क्षेत्र के इस्तरा जिले के ऊपर वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा एक ड्रोन को मार गिराया गया। टीएएसएस मॉस्को के तीन प्रमुख हवाईअड्डों शेरेमेतयेवो, डोमोडेडोवो और वनुकोवो ने उड़ानें निलंबित कर दीं। रूसी सेना ने इस सप्ताह के दौरान रूसी क्षेत्र पर बार-बार यूक्रेनी ड्रोन और मिसाइल हमलों की सूचना दी है।

टेलेग्राम पर एक पोस्ट में कहा गया कि अभी तक किसी के हताहत होने या किसी नुकसान की सूचना नहीं है। शेरेमेतेवो, दोमोदेदोवो और व्यनुकोवो हवाई अड्डों पर शनिवार सुबह करीब एक घंटे के लिए संचालन बंद रहा।

## चीन से आजादी के लिए भारत-यूएस संबंध मजबूत करने जरूरी,विवेक रामास्वामी ने की पीएम मोदी की तारीफ

**वॉशिंगटन,27 अगस्त 2023।** अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी का कहना है कि भारत और अमेरिका के मजबूत संबंध, अमेरिका की चीन पर निर्भरता खत्म कर सकते हैं। विवेक रामास्वामी अमेरिका के भारत के साथ रणनीतिक संबंध भी मजबूत करने के समर्थक हैं। विवेक रामास्वामी इन दिनों अपने चुनाव प्रचार के लिए आयोवा राज्य के दौरे पर हैं। आयोवा में मीडिया के साथ इंटरव्यू में विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका और भारत के मजबूत संबंध, अमेरिका की चीन पर निर्भरता को खत्म कर सकते हैं। अमेरिका अभी आर्थिक रूप से चीन पर निर्भर है लेकिन भारत के साथ संबंध मजबूत करके अमेरिका चीन पर निर्भरता से आजाद हो सकता है।

### अंडमान में सैन्य संबंध मजबूत करने की जरूरत

रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका को भारत के साथ अंडमान निकोबार में भी सैन्य संबंध मजबूत करने चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर चीन को मलक्का स्ट्रेट में ब्लॉक किया जा सके। बता दें कि चीन जो मध्य पूर्व के देशों से तेल की खरीद करता है तो उसके जहाज मलक्का स्ट्रेट से ही होकर गुजरते हैं। रामास्वामी ने कहा कि भारत के साथ इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना अमेरिका के हित में होगा। रामास्वामी ने पीएम मोदी की भी तारीफ की और कहा कि मुझे लगता है कि वह (पीएम मोदी) भारत के लिए अच्छे नेता हैं और मैं उनके साथ मिलकर भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करना चाहता हूं।



विवेक रामास्वामी अमेरिका के अगले राष्ट्रपति की रेस में सबसे युवा उम्मीदवार हैं। 38 वर्षीय रामास्वामी एक अरबपति बिजनेसमैन हैं और वह रोइवंत साइंसेज नामक बायोटेक कंपनी के संस्थापक हैं। बीती 23 अगस्त को मिलवाउकी, विंस्कोसिन में हुई पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद रामास्वामी की लोकप्रियता में जबरदस्त उछाल आया है। डिबेट के दौरान वह अन्य रिपब्लिकन उम्मीदवारों पर भारी पड़े और डिबेट के बाद रामास्वामी को चुनाव प्रचार के लिए मिलने वाले चंदे में भी गजब का उछाल आया है। फिलहाल रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से रामास्वामी ट्रंप के बाद दूसरे नंबर के उम्मीदवार बनकर उभरे हैं।

### यूक्रेन युद्ध में अमेरिका के उलझने के खिलाफ हैं रामास्वामी

विवेक रामास्वामी यूक्रेन युद्ध में अमेरिका के उलझने के भी खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका की विदेश नीति की सबसे बड़ी चुनौती है कि हम अपनी जमीन को सुरक्षित नहीं कर रहे हैं और हम जो लड़ाइयां लड़ रहे हैं, उनसे अमेरिका के हितों को फायदा नहीं होगा। रामास्वामी ने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका लगातार यूक्रेन युद्ध में उलझकर गलती कर रहा है। इससे अमेरिका के हित नहीं सधेंगे। हमें वामपंथी चीन पर फोकस करना चाहिए और वही अभी अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

### आर्थिक रूप से चीन पर निर्भर अमेरिका

उल्लेखनीय है कि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अमेरिका में सबसे ज्यादा आयात भी चीन से ही आता है। बीते साल अमेरिका और चीन के बीच का व्यापार सबसे ज्यादा 690 बिलियन डॉलर रहा। अमेरिका ने चीन से बीते साल 536 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जो कि कुल आयात का 17 प्रतिशत है। अमेरिका ने भी चीन को 154 बिलियन डॉलर का निर्यात किया। अमेरिकी कंपनियां भी चीन में बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग कर रही हैं।

## ट्रेनिंग ड्रिल के दौरान एयरक्राफ्ट क्रैश,तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत,पांच गंभीर रूप से घायल

**कैनबरा , 27 अगस्त 2023।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी क्षेत्र में स्थित तिवी द्वीप में रविवार सुबह एक एयरक्राफ्ट क्रैश में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। वहीं, 12 अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि यह सैनिक एक ट्रेनिंग ड्रिल में हिस्सा ले रहे थे।

अमेरिकी मरीन कोर की ओर से जारी हुए बयान के मुताबिक, जिस विमान क्रैश में सैनिकों की जान गई है, वह बोइंग एमवी-22बी ऑस्प्रे टिल्ट-रोटर एयरक्राफ्ट है। इसमें 23 अमेरिकी सैन्यकर्मी सवार थे, जो कि डार्विन में तैनात हैं और ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस के सैनिकों के साथ ड्रिल्स में हिस्सा ले रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे ड्रिल के दौरान ही उनका एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया।



मरीन कोर के प्रवक्ता के मुताबिक, तीन सैनिकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें रॉयल डार्विन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

### पीएम अल्बानीज ने घटना पर दुख जताया

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि इस घटना में सिर्फ अमेरिकी सैन्यकर्मी ही शामिल रहे और ऑस्ट्रेलिया का कोई सैनिक या सुरक्षा अधिकारी इस ड्रिल में हताहत नहीं हुआ। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने इस घटना पर दुख जताया और कहा कि रक्षा विभाग घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में जुटा है। यह एक मुश्किल हादसा है और हम हर तरह की मदद दे रहे हैं।

## 57 करोड़ रु. के बराबर एक फोटो की कीमत! आरोपी के तौर पर तस्वीर खिंचने के बाद ट्रंप के चंदे में जबरदस्त उछाल

**वॉशिंगटन,27 अगस्त 2023 ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक तस्वीर के चलते जबरदस्त समर्थन मिला है। दरअसल जॉर्जिया मामले में डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को गिरफ्तारी दी थी, जिसके चलते ट्रंप का अपराधियों की तरह मग शॉट भी लिया गया था। अब इस मग शॉट का ही प्रभाव कहें या फिर ट्रंप की लोकप्रियता, बीते दो दिनों में ट्रंप को मिलने वाले चंदे में जबरदस्त उछाल आया है। बता दें कि बीते दो दिनों में ट्रंप को करीब 70 लाख डॉलर यानी 57 करोड़ रुपये के बराबर चंदा मिला है।

### मग शॉट से मिला फायदा?

बता दें कि जॉर्जिया चुनाव पलटने की साजिश रचने के आरोप में ट्रंप ने गुरुवार को फुल्टन काउंटी जेल में आत्मसमर्पण किया। इस दौरान ट्रंप का अपराधियों की तरह मग शॉट भी लिया गया। जिसकी तस्वीर ट्रंप ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की थी। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेंग ने बताया कि अकेले शुक्रवार को ही करीब 40 लाख डॉलर का



चंदा मिला, जो कि एक दिन में मिला सबसे ज्यादा चंदा है। माना जा रहा है कि ट्रंप को लोगों की सहानुभूति मिल रही है, यही वजह है कि मग शॉट के सामने आने के बाद उन्हें मिलने वाले चंदे में जबरदस्त उछाल आया है।

### राष्ट्रपति बाइडन ने भी ली थी चुटकी

गौरतलब है कि ट्रंप के मग शॉट पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी चुटकी ली थी। दरअसल बाइडन से ट्रंप के मग शॉट और उनके जॉर्जिया मामले में आत्मसमर्पण को लेकर सवाल किया गया था। तो बाइडन ने मुस्कुराते हुए कहा था कि वह मग शॉट में सुंदर दिख रहे हैं। वहीं ट्रंप ने अपने ऊपर लगे आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया। ट्रंप को मिल रहे समर्थन से भी ऐसा लग रहा है कि उनके समर्थक भी ऐसा मानते हैं कि उनपर चल रहे मुकदमे राजनीति से प्रेरित हैं।

कई मामलों में आरोपी ठहराए जाने के बाद भी ट्रंप की लोकप्रियता में कमी नहीं आई है। यही वजह है कि वह अभी भी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे दमदार उम्मीदवार बने हुए हैं और अन्य उम्मीदवारों के मुकाबले काफी आगे हैं।

## आतंकी ओसामा बिन-लादेन को गोली मारने वाला नेवी सील का पूर्व सैनिक गिरफ्तार,दर्ज हुए कई मामले



**वॉशिंगटन,27 अगस्त 2023।** पाकिस्तान के ऐबटाबाद में अलकायदा के सरगना ओसामा बिन-लादेन को घर में घुसकर मारने वाले नेवी सील के पूर्व सैनिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया है कि रॉबर्ट जे. ओ%नील, जिन्हें ओसामा को गोली मारने वाले सैनिक के तौर पर जाना जाता है, उन्हें टेक्सास में गिरफ्तार कर लिया गया। ओ%नील पर चोट पहुंचाने और सार्वजनिक तौर पर नशे में रहने के अपराध के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि, जेल रिकॉर्ड्स में सिर्फ चोट पहुंचाने के आरोप लिखे गए हैं।

ओ%नील को टेक्सास के फिस्को में पकड़ा गया था। हालांकि, उसे 3500 डॉलर के मुचलके पर उसी दिन जमानत भी मिल गई। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, ओ%नील एक स्थानीय सिगार लाउंज में पॉडकास्ट शो की रिकॉर्डिंग के लिए पहुंचे थे।

### ओनील करते हैं ओसमा को मारने का दावा

रॉबर्ट ओ%नील ने 2013 में एक इंटरव्यू के दौरान इस्क्वायर मैगजीन को बताया था कि उन्होंने मई 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ऑपरेशन नेप्च्यून स्पीयर के दौरान लादेन को मार गिराया था। उन्होंने अपनी किताब %द ऑपरेटर% में ओसामा को मार गिराने के पूरे घटनाक्रम का भी जिक्र किया है। हालांकि, अमेरिकी सरकार ने न तो उनके दावे को सही ठहराया है, न ही इसे झुठलाया है। वहीं, रॉबर्ट के स्पेशल फोर्सेज के साथियों ने इस तरह एक ऑपरेशन का खुलासा कर गोपनीयता के नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया था। साथ ही इन सैनिकों ने ओ%नील पर ऑपरेशन का पूरा श्रेय खुद लेने के लिए निशाना साधा था।

हालांकि, इस पर ओनील ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना बचाव करते हुए कहा था कि यह ऐसा रहस्य था, जिसे ज्यादा दिन तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकता था। हर कोई इसे लेकर गौरवान्वित था। उन्होंने कहा था कि जो हमने किया वह सबके सामने था।

## मिस्त्र में होने वाले युद्धाभ्यास ब्राइट स्टार में वायुसेना ने भेजे पांच मिग-29,ये देश भी होंगे शामिल

**काहिरा,27 अगस्त 2023 ।** मिस्त्र में होने वाले युद्धाभ्यास ब्राइट स्टार में शामिल होने के लिए भारतीय वायुसेना ने अपने बेड़े में पांच मिग-29 फाइटर जेट भेजे हैं। इनके अलावा छह ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और अपनी स्पेशल फोर्सेज के जवान भी मिस्त्र भेजे गए हैं। 21 दिनों तक चलने वाला यह युद्धाभ्यास रविवार से शुरू हो गया है। यह युद्धाभ्यास काहिरा एयरबेस पर होगा और इसमें मिस्त्र के अलावा अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की सेनाएं शामिल हो रही हैं।

### स्पेशल फोर्सेज के जवान भी होंगे शामिल

गौरतलब है कि यह पहली बार है, जब इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना भी शामिल हो रही है। वायुसेना ने एक बयान में कहा है कि भारतीय बेड़े में 5



मिग-29 फाइटर जेट, दो आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना की स्पेशल फोर्स गरुड़ के कमांडो और स्वाड्रन 28,77,78 और 81 के जवान भी इस युद्धाभ्यास में शामिल हो रहे हैं। इनके अलावा भारतीय सेना के 150 जवान भी भारतीय बेड़े का हिस्सा हैं।

### युद्धाभ्यास से मिलेगा ये फायदा

इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त संचालन के दौरान संयुक्त रूप से योजना बनाने और उसे लागू करने का अभ्यास किया जाएगा। इससे साझेदार देशों के साथ रणनीतिक संबंध बेहतर करने में भी मदद मिलेगी। बता दें कि भारत और मिस्त्र के संबंध हाल के समय में काफी मजबूत हुए हैं। दोनों देश जहां मिलकर एयरो-इंजन का विकास कर रहे हैं। साथ ही भारतीय वायुसेना द्वारा मिस्त्र के पायलटों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। कुछ समय पहले मिस्त्र के राष्ट्रपति भारत दौरे पर आए थे और बीते दिनों पीएम मोदी ने भी मिस्त्र का दौरा किया था।

## गोपनीय दस्तावेज मामले में अटक जेल में इमरान खान से पूछताछ, राजनयिक केबल खोने की बात स्वीकारी

**इस्लामाबाद,27 अगस्त 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से अटक जेल में शीर्ष जांच एजेंसियों ने पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने राजनयिक 'केबल' (गुप्त संदेश) की प्रति खोने की बात स्वीकार कर ली है। बता दें, खान पर पहले से ही दस्तावेज के गलत उपयोग के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

### एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की आतंकवाद विरोधी शाखा (सीटीडब्ल्यू) ने शनिवार को जेल में पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात की। एफआईए के उपनिदेशक अयाज खान के नेतृत्व में छह सदस्यीय संयुक्त जांच दल ने अटक जेल के उपाधीक्षक के कार्यालय में खान से एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

### सिफर लहराने से इनकार

पूछताछ के दौरान खान ने सिफर खोने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि उन्हें याद नहीं है कि सिफर को कहां रखा है। खान ने इस बात से भी इनकार किया कि पिछले साल अपनी सरकार को हटाने से कुछ दिन पहले उन्होंने एक सार्वजनिक सभा में साजिश के सबूत के तौर पर जो कागज लहराया था, वह राजनयिक केबल था। खान ने कहा कि जनता के सामने जो कागज दिखाया था, वह कैबिनेट बैठक के मिनट्स थे, कोई सिफर नहीं।

### शीर्ष एजेंसी की जांच से खुलासा

एजेंसी ने जांच के बाद सिफर के दुरुपयोग और इसके गलत इस्तेमाल में उनकी जानबूझकर संलिप्तता का पता चलने के बाद खान और पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव आजम खान, पूर्व योजना मंत्री असद उमर और इसमें शामिल अन्य सहयोगियों की भूमिका जांच के दौरान निर्धारित की जाएगी।

### यह है मामला



गौरतलब है, एक अमेरिकी मीडिया संस्थान द्वारा गुप्त केबल की कथित प्रति प्रकाशित किए जाने के बाद खान जांच के घेरे में आ गए थे और शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में कई लोगों ने लीक का स्रोत होने को लेकर पीटीआई प्रमुख पर अंगुली उठाई थी। पूर्व गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि अगर खान ने वास्तव में उन्हें प्रदान किए गए केबल की प्रति खो दी है, तो यह आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत अपराध होगा। खान इस महीने की शुरुआत में भ्रष्टाचार के एक मामले में एक सत्र अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद से तीन साल जेल की सजा काट रहे हैं।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी (67) को 19 अगस्त को शासकीय गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अमेरिका स्थित पाकिस्तानी दूतावास की ओर से विदेश कार्यालय को भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज की गोपनीयता भंग की थी। बाद में उन्हें विशेष अदालत ने 25 अगस्त तक चार दिनों के लिए संघीय जांच एजेंसी (एफएआई) की हिरासत में भेज दिया था।

खान लंबे समय से लापता दस्तावेज का उल्लेख पिछले साल अप्रैल में उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए विदेशी साजिश के सबूत के रूप में करते रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जज अबुअल हसनत ने शुक्रवार को विशेष अदालत में मामले की बंद कमरे में सुनवाई की थी। इस अदालत को हाल ही में सांसदों के भारी विरोध के बीच इस महीने की शुरुआत में संसद द्वारा अनुमोदित आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था।

20 अगस्त को संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कुरेशी को फ्रंटियर कोर और इस्लामाबाद पुलिस कर्मियों द्वारा भारी सुरक्षा में न्यायिक परिसर में पेश किया गया था। उनका प्रतिनिधित्व उनके वकील शोएब शाहीन ने किया, जिन्होंने एफआईए द्वारा कुरेशी की शारीरिक रिमांड का विरोध किया।

मामले के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने पीटीआई नेता की नौ दिन की रिमांड की मांग की थी। हालांकि, न्यायाधीश ने कुरैशी को तीन दिन के लिए एफआईए की हिरासत में भेज दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत सिफर मामले में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान और उनके डिप्टी कुरैशी का मुकदमा एक पखवाड़े के भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

# चुने गए जनप्रतिनिधि के सामने एक सरकारी कर्मचारी टांग पर टांग चढ़ा कर बैठा है और विधायक नमकीन खा रहे हैं: आप

**आम आदमी पार्टी की है मांग,डॉक्टर का निलंबन या उनके निजी क्लीनिक पर चलाया जाए बुलडोजर**

**मनेंद्रगढ़ में रसूखदार डॉक्टर के खिलाफ घायल मृतक के परिजनों के साथ खड़ी हुई गोंडवाना गणतंत्र व आम आदमी पार्टी**

**गोंडवाना गणतंत्र व आम आदमी पार्टी ने भी मामले में दर्ज कराई अपनी उपस्थिति,दोषी डॉक्टर के विरुद्ध कार्यवाही की उनकी भी है मांग**

**सात दिवस का प्रशासन को दिया गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अल्टीमेटम,डॉक्टर पर लापरवाही को लेकर कार्यवाही की है मांग**

**सत्ताधारी दल सहित विपक्षी दल रसूखदार डॉक्टर के पक्ष में, कर रहा डॉक्टर का बचाव**

**मामला दुर्घटना में घायल व्यक्ति के शासकीय अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण हुई मौत से जुड़ा हुआ**

**सूचना मिलने उपरांत भी डॉक्टर पहुंचे थे घंटो विलंब से, घायल की बिना इलाज हुई थी मौत**

**मृतक के परिजनों ने इलाज के अभाव में मौत का आरोप लगाकर डॉक्टर पर लगाए थे गंभीर आरोप, जिस पर आजतक नहीं हुई कार्यवाही**

**फोन पर सूचना उपरांत भी डॉक्टर पहुंचे थे घंटो विलंब से,शासकीय चिकित्सक होकर भी घर में चलाते हैं अपना क्लीनिक**

## चुने गए जनप्रतिनिधि के सामने एक सरकारी कर्मचारी टांग पर टांग चढ़ा कर बैठा है और विधायक नमकीन खा रहे हैं

आम आदमी पार्टी के नेता ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मनेन्द्रगढ़ जिले में दोनों विधायकों ने जनता की ऐसी स्थिति कर दी है चुने हुए निर्वाचित प्रतिनिधि से माफी मंगाई गई और प्रतिनिधि कुर्सी पर बैठाने गए तो उनसे कहा कि गले लगो और कहो कि आप दोबारा ज्वाइन कर ले, यह लोकतंत्र का चीरहरण है यह कोई मामूली घटना नहीं है, लोगों को मोबाइल में यह वीडियो गया ही होगा, कुछ बहादुर पत्रकारों ने खबर भी प्रकाशित की लेकिन,यह कोई मामूली घटना नहीं है शर्म से डूबा देने वाली घटना है, लोकतंत्र के इतिहास में मनेन्द्रगढ़ शहर में पहले कभी नहीं हुआ की एक चुने गए प्रतिनिधि से एक सामने एक सरकारी कर्मचारी रुबाब के साथ टांग पर टांग चढ़ा कर बैठा हो और लोकल विधायक नमकीन खा रहे हैं, उन्हें शर्म नहीं आई। आम आदमी के कार्यकर्ता ने जनता से अपील किया कि मनेन्द्रगढ़ जिले में लूट मची हुई है, वहां के प्रतिनिधियों के द्वारा, नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा, पार्षदों के द्वारा, विधायकों के द्वारा लुटा जा रहा है, जनता से अनुरोध है कि आपका जनप्रतिनिधि जहां भी मिले उसी जगह उनसे मोबाइल छीन लीजिए, उनके जेब से पैसा छीन लीजिए, उनके कपड़े उतार लीजिए और उन्हें निवस्त्र करके भेजिए, क्योंकि खुलेआम लूट मची है प्रशासन नंगा नाच कर रहा है भ्रष्टाचार का, तो यह जो पैसा विनय जायसवाल जी जमा कर रहे हैं कमरों की प्रभा पटेल जी जितना ही धन बटोर रहे हैं यह किसी का भी खानदानी पैसा नहीं है, यह सब पब्लिक का पैसा है, जब हमारे प्रतिनिधि हमें लूट रहे खुलेआम उसका वीडियो वायरल हो रहा है, ताली बजा रही नमकीन खाया जा रहा चाय पिया जा रहा है, जब भ्रष्टाचार खुल के बेशर्मी के साथ होने लगे तो जनता को अपना हक छीना पड़ेगा।





-रवि सिंह-
एमसीबी,27 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। रसूखदार डॉक्टर के साथ जहां नवीन जिले के जिला मुख्यालय में सत्ताधारी दल के विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष,जनपद अध्यक्ष व पार्षद खड़े हैं, प्रमुख विपक्षी दल के नेता खड़े हैं वहीं अब उनके खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है जो जिले की राजनीति को गर्माने वाला साबित करने वाला होगा क्योंकि अब सामने चुनाव हैं। रसूखदार डॉक्टर जिसे यहां बताया जा रहा है वह कोई आम डॉक्टर नहीं हैं वह नवीन जिले के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया भी हैं व खंड चिकित्साधिकारी भी हैं, एक शल्य चिकित्सक भी हैं और खुद का ही वह निजी अस्पताल भी चलाते हैं जहां जांच, स्वास्थ्य परीक्षण की सभी सुविधा मौजूद है साथ ही वहां दवा की भी दुकान है। एक साथ इतनी


घटती घटना
रसूखदार डॉक्टर का रसूख आज तक,दुर्घटना में घायल व्यक्ति जिसकी डॉक्टर के विलंब से आने से हुई थी मौत,


घटती घटना
रसूखदार डॉक्टर पार्षदों को झुकाने में हुए कामयाब
मांग वाली माफी विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष के सामने?

जिम्मेदारी संभालने वाले डॉक्टर के विरुद्ध गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आम आदमी पार्टी आज क्यों खड़ी नजर आ रही है आइए इसका कारण एक बार फिर जानते हैं और कहानी को आगे बढ़ाते हैं। बता दें की मनेंद्रगढ़ शहर पहले अविभाजित कोरिया जिले का एक ऐसा शहर था जो आर्थिक आधार पर जिले का मुख्य शहर था जहां से जिलेभर का व्यापार जुड़ा हुआ था, जिले की मांग मनेंद्रगढ़ वासियों की पुरानी बहोत पुरानी मांग थी चूंकि वह सड़क सहित रेलमार्ग से भी जुड़ा था व्यापार का केंद्र इस हिसाब से उसकी मांग जायज भी थी लेकिन जब 1998 में सरगुजा जिले से अलग कर नया जिला बनाया गया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर बना दिया गया जिसका मनेंद्रगढ़ वासियों ने खुलकर विरोध किया और उस समय एक जन आंदोलन खड़ा हुआ जो लगातार चलता रहा और शहर को जिला मुख्यालय बनाया जाए इसकी मांग कभी कमजोर वहां के लोगों ने पड़ने नहीं दी। 15 साल भाजपा ने सरकार में रहते हुए इस ओर ध्यान नहीं दिया, इसकी भी वजह रही कि शहर से भाजपा को कभी निर्णायक मत प्राप्त नहीं हुए लेकिन जब सत्ता परिवर्तन हुआ नई सरकार ने मांग को जायज माना और गत वर्ष नवीन जिले की घोषणा कर दी गई, साथ ही जिला मुख्यालय शहर को बना दिया गया। शहर को जिला मुख्यालय का दर्जा मिला शहर में जश्न भी मना शहर में जिला स्तरीय कार्यालयों सुविधाओं का भी विस्तार होने लगा और जिला अस्तित्व में पूरी तरह आ भी गया। शहर जिला मुख्यालय बनकर शहरवासियों को संतुष्ट तो कर गया लेकिन आम लोगों को जो सुविधाएं जो सहूलियत मिलनी चाहिए थी, वह आज तक नहीं मिल पा रही है और आज भी शहर में व्यवस्था का वही हाल है जो जिला मुख्यालय बनने से पहले थे यह कहना गलत नहीं होगा।

### नवीन जिला की राजनीति अलग दिशा में जाति नजर आ रही

जिला मुख्यालय बनते ही जिलेवासियों को यह भी संभव नजर आया की अब शहर में भी जिला स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और अब उन्हें आकस्मिक स्थितियों में बैकुंठपुर जाना नही पड़ेगा, लेकिन जब इसके उलट होने लगा शहरवासियों को यह आभास हुआ की मुख्यालय बनने मात्र से ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होने वाला, कुछ ने आक्रोश प्रदर्शित कर दिया जिसका सत्ता पक्ष और प्रमुख विपक्षी दल ने समर्थन करने की बजाए विरोध कर दिया,अव्यवस्था के साथ वह खड़े नजर आए जिसके बाद अब शहरवासियों के साथ आम व्यक्तियों के साथ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आम आदमी पार्टी खड़ी नजर आ रही है और अब शहर की राजनीति अलग दिशा में जाति नजर आ रही है।

### नवीन जिला व मनेन्द्रगढ़ शहर के जिला मुख्यालय बनने के बाद भी एक रसूखदार डॉक्टर की ही है स्वास्थ्य विभाग में पूर्व की तरह ही है धमक

मामला स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ा हुआ है जहां आज भी नवीन जिला बनने शहर के जिला मुख्यालय बनने के बाद भी एक रसूखदार डॉक्टर की ही धमक है उसी के पास पूरी जिम्मेदारी है जो है तो शासकीय एक चिकित्सक मात्र लेकिन सीएमओ,बीएमओ सहित निजी क्लीनिक अस्पताल,जांच केंद्र सहित दवाई दुकान निजी सभी का वह संचालन करता है और सत्ताधारी दल या प्रमुख विपक्षी दल दोनो में ही अपनी पकड़ में रखता है जिससे नवीन जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे हो गई है और अब शहरवासियों को लगने लगा है की क्या सच में शहर जिला मुख्यालय है क्या सच में यहां शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था जिला स्तरीय है?

### मृतक के परिजनों की शिकायत पर आज तक कार्यवाही नहीं

मामला एक घटना से जुड़ा हुआ है जहां एक वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाता है और परिजन उसे शहर के शासकीय अस्पताल लाते हैं और वहां पहुंचकर वह यह पाते हैं की अस्पताल में डॉक्टर ही मौजूद नहीं है, शाम का वक्त होने के नाते वह डॉक्टर को फोन लगाते हैं जैसा कि उन्ही का कहना है डॉक्टर उन्हे मरीज का निजी क्लीनिक में इलाज करने का हवाला देते हुए जल्द आने का आश्वासन देते हैं घायल को लेकर परिजन इंतजार करते रहते हैं और जब तक डॉक्टर आते हैं घायल की मृत्यु हो जाति है। अपने परिजन की मौत से वह भी डॉक्टर के विलंब से आने की वजह से हो जाने से परिजन और कुछ उसके करीबी अक्रोशित हो जाते हैं और वह डॉक्टर पर हमला कर देते हैं और फिर डॉक्टर को भागकर खुद को बचाना पड़ता है। इस मामले में पहले दिन मृतक के परिजनों के साथ उनके पक्ष में सत्ता पक्ष के और प्रमुख विपक्षी दल के नेता भी नजर आते हैं और कार्यवाही की डॉक्टर पर मांग करते हैं कार्यवाही होगी यह भी आश्वाशन मृतक के परिजनों को मिलता है और वह मृतक के क्रियाकर्म में लग जाते हैं। इधर डॉक्टर शहर में रसूखदार होने का स्वास्थ्य विभाग में प्रमुख जिला अधिकारी खंड अधिकारी होने का फायदा उठाता है और सबसे पहले पूरे जिले के स्वास्थ्य महकमे को हड़ताल पर बैठा देता है जिससे मृतक के परिजनों पर अपराध पंजीबद्ध हो सके और स्वास्थ्य महकमा जिला अधिकारी की बात मानता है और हड़ताल करता भी है और असर सरकार प्रशासन पर पड़ता है और मृतक के परिजनों पर अपराध दर्ज हो जाता है। डॉक्टर इसी बीच शहर जिले के सभी नेताओं से जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करता है सभी को अपने पक्ष में करता है भले वह सत्ता दल के हों या प्रमुख विपक्षी दल के सभी को साधने में सफल हो जाता है।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन,सात दिवस में कार्यवाही की जाए दी चेतावनी

मामले में अब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उस परिवार के साथ जा खड़ी हुई है जिसने एक अपना परिजन खोया है और वह भी केवल इसलिए क्योंकि उसे समय पर इलाज नहीं मिल सका और चूंकि वह दुर्घटना में घायल हुआ था और उसे तत्काल इलाज की जरूरत थी और वे विश्वास के सहारे शासकीय अस्पताल पहुंचे थे,डॉक्टर को उन्होंने जब अस्पताल में नहीं पाया उन्होंने उनसे संपर्क किया वह आ रहे हैं यह आश्वस्त होकर ही वह रुके रहे लेकिन डॉक्टर घंटो विलंब से आए और घायल मृत हो गया ,डॉक्टर निजी क्लीनिक में मरीज देखने के कारण विलंब से आए जबकि वह शासकीय सेवा में निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने शासन से नियुक्त हैं यही आक्रोश उस समय परिजनों ने डॉक्टर पर निकाला और जिसका परिणाम यह हुआ की डॉक्टर पर कार्यवाही नहीं हुई लापरवाही की बशर्ते मृतक के परिजनों पर कार्यवाही के लिए अपराध पंजीबद्ध हो गया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मांग की है की डॉक्टर पर कार्यवाही की जाए और पीड़ित पक्ष को इसकी सूचना सात दिवस में दी जाए। वैसे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पीड़ित पक्ष के समर्थन में खड़े हो जाने से पीड़ित पक्ष को भी न्याय की उम्मीद जगी है क्योंकि डॉक्टर पर कार्यवाही का आवेदन पीड़ित पक्ष ने भी दिया था जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई वहीं रसूखदार डॉक्टर का प्रभाव प्रशासन को झुकाने में कामयाब रहा है पीड़ित पर अपराध दर्ज हो गया।

### आम आदमी पार्टी की है मांग,डॉक्टर का निलंबन या उनके निजी क्लीनिक पर चलाया जाए बुलडोजर

अब मामले में आम आदमी पार्टी भी सामने आ गई है,हाल ही में प्रदेश की राजनीति में आम आदमी पार्टी सक्रिय हुई है और हर विधानसभा से वह चुनाव की अपनी तैयारी कर रही है,इसी बीच मनेंद्रगढ़ में अपने प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी ने जो विषय सामने रखे है उसमे प्रमुख है पहले मनेंद्रगढ़ में अस्पताल में रात के समय एम बी बी एस चिकित्सक की उपस्थिति बनी रहे वहीं डॉक्टर तिवारी का निलंबन या उनके क्लीनिक पर बुलडोजर चलाते हुए शहर की जनता से माफी मंगवाना प्रमुख है। अब तक जिस पीड़ित को सत्ताधारी दल और प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने अकेला छोड़ दिया था आम आदमी समझकर उसे अब आम आदमी पार्टी का ही सहारा मिल गया है और अब वह मामले में पीड़ित के साथ है यह नजर आने लगा है

### चालाक लोमड़ी से काम नहीं डॉक्टर

डॉक्टर यहीं नहीं रुकता वह संभाग के अपने एक सत्ताधारी दल के नेता के साथ स्वास्थ्य मंत्री तक भी जा पहुंचता है और सभी तरफ से खुद का बचाव निश्चित कर पुनः लौट आता है, इस बीच ही जीवन दीप समिति की बैठक वह आयोजित करता है विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष के समक्ष उन पार्षदों से खुद से माफी मंगवाता है जो ऊपर उल्लेखित घटना में उसके विरोध में थे और खुद को पूरे मामले से बरी कर पाने का पूरा इंतजाम करता है। कुल मिलाकर डॉक्टर खुद को मामले से एक तरह से अपने आप को अपने रसूख के बल पर निकाल ले जाता है। इस बीच जिसने उसकी लापरवाही के कारण अपना परिजन खोया, जिसने जिला मुख्यालय का अस्पताल मानकर अपने घायल परिजन को अस्पताल में विश्वास के सहारे किसी तरह जान बच सके इस विश्वास पर पहुंचाया, उसका न तो परिजन बचा बल्कि उसके विरुद्ध अपराध दर्ज हो गया और वह बेसहारा हो गया, क्योंकि सभी नेताओं ने रसूखदार डॉक्टर के समाने नतमस्तक होने में ही भलाई मानकर उसका साथ छोड़ दिया उसे उसके हाल पर वह पक्ष हो यह प्रमुख विपक्षी दल। अब मृतक के परिजनों के साथ दो राजनीतिक दल आ खड़े हुए हैं जो डॉक्टर के विरुद्ध मोर्चा खोलने जा रहें हैं और अब डॉक्टर कैसे अपना बचाव करेंगे देखने वाली बात होगी।

# संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए कोषालय कर्मचारी



**4 सूत्रीय मांगो को लेकर किया गया दूसरे चरण का प्रदर्शन**

**8 सितंबर को राजधानी में जुटेंगे प्रदेश भर के कर्मचारी**

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,27 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। 4 सूत्रीय मांगो को लेकर शनिवार को कोषालय कर्मचारियों ने प्रदेश के संभाग मुख्यालयों में प्रदर्शन किया,धरना प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने रैली निकालकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगो को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ के कोरिया जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डाक्टर जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं महामंत्री दीपक देवांगन के आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार को दूसरे चरण का आंदोलन कार्यक्रम रखा गया था,जिसके तहत सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में सरगुजा समेत,कोरिया,सूरजपुर,बलरामपुर, जशपुर एवं एमसीबी जिले के कोषालय कर्मचारी शामिल हुए,एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की एवं रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे यहां मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा गया। कोषालय कर्मचारियों ने सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से अधीनस्थ लेखा सेवा में कोषालय कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से 20 प्रतिशत एवं पदोन्नति के माध्यम से 20 प्रतिशत कुल 40 प्रतिशत पद आरक्षित करने,वेतन विसंगति दूर करने,तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान करने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड वेतन बढ़ाने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि संभाग मुख्यालय में दूसरे चरण के आंदोलन के बाद तीसरे चरण में राजधानी रायपुर में आगामी 8 सितंबर को एक दिवसीय प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया है,जिसमे कोरिया कोषालय के कर्मचारी साथी शामिल होकर आवाज बुलंद करेंगे। संभाग स्तर पर हुए प्रदर्शन में सरगुजा संभाग अध्यक्ष सुशील सिंह के साथ कोरिया जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा, अनुराग सोनी,नंद कुमार कौशिक,वीरेंद्र पटेल,भगवानी राम ठाकुर, श्याम बिहारी साहू, रामनवाज, विल्सन किंडो,सूर्य प्रताप ,पंकज तिवारी समेत संभाग भर के कोषालय कर्मचारी शामिल हुए।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़ी सौगात,सोनहत में 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनेगा नवीन अस्पताल भवन



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/सोनहत,27 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। सोनहत विकासखण्ड को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़ी सौगात मिली है सोनहत में नवीन अस्पताल बनाने छत्तीसगढ़ शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दिया है, इस सम्बंध में मिकी जानकारी अनुसार विधायक गुलाब कमरो की मांग पर मुख्य मंत्री भुपेश बघेल ने नवीन अस्पताल भवन की घोषणा भेंट मुलाकात कार्यक्रम रामगढ़ में किया था जिसे अनुपूरक बजट में शामिल भी किया गया था , मुख्यमंत्री की घोषणा, अनुपूरक बजट में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत के सर्व सुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 43 लाख 72 हजार की स्वीकृति राज्य शासन ने दिया है।

### विधायक गुलाब कमरो ने स्वास्थ्य सुविधाओं रखा ख्याल

विधायक गुलाब कमरो ने सोनहत भरतपुर विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं के।क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कराए है जो बड़ी उपलब्धि है, पहले यह क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ था, लेकिन रामगढ़ और नागपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, केल्हारी में बड़ा अस्पताल जनकपुर में ऑपरेशन सुविधा सहित अब सोनहत में 2 करोड़ 42 लाख की लागत से नवीन अस्पताल भवन कि स्वीकृति करा कर जन मानस के बीच विधायक गुलाब कमरो ने खुद को स्थापित किया है, वर्तमान में सोनहत में सोनोग्राफी और एक्स रे सुविधा भी विधायक गुलाब कमरो ने ही संचालित कराया है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है वही 30 बेड का अतिरिक्त भवन लगभग बन कर तैयार है, आने वाले समय मे सोनहत 100 बेड का पूर्ण अस्पताल बन जाने से लोगो को काफी सुविधाएं मिल सकेंगी।

### उपस्वस्थ्य केंद्र भवन की स्वीकृति

विधायक गुलाब कमरो के प्रयासो से सोनहत के सलगवा कला ,सलगवा खुर्द, भगवतपुर सहित कई स्थानों पर 28 लाख की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भाजयुमो कोरिया से जुड़े हजारों की संख्या में युवाओं ने ली भाजयुमो की सदस्यता

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 27 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। नव मतदाता सम्मेलन पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजयुमो के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जोरो से चल रहा है उसी तर्ज पर कोरिया जिले में हुआ नव मतदाता सम्मेलन में कोरिया जिले का इतिहास को लिखते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप और उनकी युवा मोर्चा की टीम ने हजारों की संख्या में युवाओं को भाजयुमो की सदस्यता दिलवाई भाजपा के लिए शुभ अवसर नव मतदाता सम्मेलन पर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण बिहारी, मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री अंकित जयसवाल, विशिष्ठ अतिथि आलोक चोराशिया, पूर्व मंत्री भैया लाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, देवेंद्र तिवारी,राजेश सिंह,नगर पालिक अध्यक्ष नवेदिता शिवहरे, डॉक्टर राकेश शर्मा जिला पंचायत सदस्य वनदना रजवाड़े जनपद अध्यक्ष सौभाग्य वती सिंह भाजयुमो प्रदेश के सह प्रशिक्षण प्रमुख कोरिया जिले के प्रभारी अभिषेक सिंह देव, भाजयुमो विधानसभा प्रभारी मनी बग्गा भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र राजवाड़े, अंकीत शर्मा, गौ रक्षा वाहनी के



अध्यक्ष अनुराग दुबे के गरीमा मई उपस्थिति में उनके समक्ष नव मत दाताओं ने ली भाजयुमो की सदस्यता। छत्तीसगढ़ नव मत दाताओ को भाजयुमो कोरिया ने जिस प्रकार से युवाओं को जोड़ने का अभियान चला के भाजयुमो से जोड़ने का भाजपा के लिए साधने का कार्य साथ ही साथ भाजयुमो ज्वाइन कराया है यह विधानसभा चुनाव में अति महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, हितेश प्रताप सिंह ने भाजयुमो की बड़ी सफलता का कारण युवा मोर्चा के साथीयो की कड़ी मेहनत है बताया पूरा श्रेय अपने साथियों को दिया और कहा की भाजयुमो के साथी जल्द ही हर बूथ पर भाजपा को और मजबूत करने का कार्य करेंगे, इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू, अरूण जयसवाल, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सचीदा नंद दुवेदी, कमलेस साहू, उमा शंकर बंटी, कमलेश रजवाड़े, राम प्रताप साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रखर गुप्ता, कुनाल जयसवाल, भाजयुमो जिलामंत्री साक्षी सिंह राजपूत, सुरेश साहू, रमेश तिवारी, भाजयुमो जिला के प्रवीण मन्त्री गुप्ता, शरद सिंह, रोशन विश्वकर्मा, मयंक राठौर साहू, अविनाश सिंह साहू, दिनेश यादव, सुजय जैन, रौशन राजवाड़े, अंकीत जयसवाल, अंजय तिवारी, चंदन रजवाड़े भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष यादव, श्री राम दुबे, अनिल राजवाड़े, परवेंद्र सिंह, मनोज यादव श्री राम चक्रधारी, भाजयुमो मंडल के अभय दुबे, राम रुप, राजेन्द्र पाल राजवाड़े, शक्ति साहू, उज्वल सत्यम, सुरेश साहू, लल्ला यादव, ध्रुव जयसवाल आदि भाजयुमो के कार्यकर्ता की गरीमा मई उपस्थित रहीं।

# पुष्पराजगढ़ की जनता चाहती है कि अब हो बदलाव

## भाजपा के युवा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम की जीत सुनिश्चित

अरविन्द द्विवेदी
अनूपपुर,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)

भाजपा कोर कमेटी की बैठक के उपरांत बिहार विधान परिषद के सदस्य देवेश कुमार एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्रि सिंह विधानसभा संयोजक नवल नायक, विधानसभा पुष्पराजगढ़ भाजपा के नवयुवक प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम की उपस्थिति में विधायक प्रवास योजना के तहत 20 अगस्त से लगातार 08 दिवस भ्रमण करने के बाद प्रेस वार्ता के माध्यम से क्षेत्र की बुनियादी समस्याओ और अपने ब्यक्तिगत अनुभव साझा संवाद करने के उद्देश्य से उक्त वार्ता का आयोजन किया गया। जहाँ देवेश कुमार ने बताया की पुष्पराजगढ़ क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और पूरा क्षेत्र कृषि पर आधारित है। शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है हम सबका प्रयास होना चाहिए कि कैसे इन जनजाति समाज को शिक्षा और खेल की ओर प्रेरित करें। उनके अंदर जो झिझक है उसे दूर करें परन्तु उनकी सभ्यता और सांस्कृति को ध्यान में रखते हुये मेंसलिग से कैसे जोड़े ये बहुत ही चुनौती पूर्ण विषय है। जिसके लिए सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है।



### सभी को साथ लेकर, एकजुट होकर दमखम से लड़ेंगे चुनाव

उन्होंने दावा किया की मेरे अनुभव के आधार पर भाजपा के नव युवा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम की जीत सुनिश्चित है। उनके प्रति क्षेत्र की जनता का काफी लगाव है, बेहद खुश मिजाज हसमुख प्रवर्ति के ब्यक्ति है इन्होंने जनपद अध्यक्ष रहते हुये क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जनता के बीच अच्छी पकड़ बनाई है इसीलिये भाजपा पार्टी द्वारा 03 माह पूर्व ही भाजपा प्रत्याशी की घोषणा कर दी गई है। जिससे हम पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, एकजुट होकर दम खम से चुनाव लड़ें और जीत हाशिल करें। प्रत्याशी क्षेत्र में जनता के बीच जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा किये गये विकास के कार्यो का हवाला देकर अपनी पैठ मजबूत कर सके।

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का मिल रहा सम्पूर्ण लाभ

उन्होंने बताया की मैने 08 दिन के प्रवास के दौरान यह अनुभव किया की जनजाति एवं अनुसूचित जाति भाई बहनों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सम्पूर्ण लाभ समाज के हर बर्ग को मिल रहा है। अंतिम छोर में बसे अंतिम पंक्ति के ब्यक्ति भी सरकार की सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का भरपूर लाभ ले रहे है। उन्होंने अपने उद्धबोधन में कहा की पुष्पराजगढ़ की जनता अब बदलाव चाहती है 10 वर्षो से विधायक का पद हथियाए बैठे कांग्रेस के विधायक के द्वारा क्षेत्र में जगह जगह सिर्फ यात्री प्रतीक्षालय ही बनबाए है जो कई जगह औचित्य हीन जगहों पर बना है 10 वर्षो तक सिर्फ एक ही रोना रोते रहे की हमारी सरकार नहीं है तो हमारी कोई सुनता ही नही है जिससे क्षेत्र में विकास की गति रुक गई है।

# पुलिस ने दिया मानवता का परिचय

## लावारिश बुजुर्ग महिला के शव का विधिविधान से कराया अंतिम संस्कार



-संवाददाता-
कोरबा,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरबा में पुलिस का मानवीय चेहरा आया सामने द्य कुछ दिनों पूर्व जिले के सर्वमंगला थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव नदी में बह कर आए एक बुजुर्ग महिला के शव की सिनाख्ती नही होने पर सप्ताह भर बाद पुलिस ने उक्त शव का विधिविधान से अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मामला कोतवाली क्षेत्र के सर्वमंगला चौकी का है जहां कुछ सप्ताह पहले हसदेव नदी में एक महिला की लाश मिली थी जिसे पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया था साथ ही साथ शव कहां से आया एवं उसके परिजन कहां है के बारे में जानकारी जुटाने का काफी प्रयास किया गया, मगर काफी दिनों बाद भी मृतका के परिजन नहीं पहुंचे। इधर शव का सप्ताह भर होने से डीकंपोज शुरू हो गई थी द्य लिहाजा सर्वमंगला पुलिस चौकी के प्रभारी वैभव तिवारी ने अपने मातहतों के साथ बगैर देरी करते हुए महिला के शव का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया।पुलिस की इस मानवीय पहल को लेकर जिले में काफी चर्चाएं हैं।

# बालको थाना प्रभारी मंजूषा पांडेय ने सरपंच,सचिव एवं कोटवारों की ली बैठक

-संवाददाता-
कोरबा,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)




एसपी यू.उदय किरण के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मंजूषा पांडेय द्वारा थाना क्षेत्र के पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं ग्राम कोटवारों की बैठक लिया गया। प्रभारी मंजूषा पांडेय ने बैठक के दौरान सरपंच एवं कोटवारों को महिला एवं बाल अपराध, बाल विवाह, यातायात नियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री की घटना पर सूचना देने कहा को भी कहा गया। गांव में संभावित चोरी, लूट, डकैती अवैध शराब बिक्री जैसे अपराधों को रोकने एवं मदद करने को लेकर अपील भी की गई द्य गांव की समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा कर उन्हें ग्राम सरपंच एवं कोटवारों के कार्य तथा पुलिस के प्रति उनकी जवाबदेही व दायित्वों तथा विधानसभा चुनाव में उनकी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में भूमिका एवं कार्यो के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई द्य थाना प्रभारी ने सरपंच एवं कोटवारों को गांव में बाहर से आए व्यक्तियों की मुसाफिरी दर्ज कराने कोटवारी रजिस्टर अद्यतन करने एवं गांव में किसी प्रकार की घटना ,दुर्घटना होने पर तत्काल थाना में सूचना देने को कहा गया और त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने साथ ही संदिग्ध व बदमाश किस्म के व्यक्तियों पर नजर रखने को कहा गया है। थाना प्रभारी द्वारा प्रत्येक ग्राम कोटवार को डायरी व पेन देकर नियमित थाने आने व निरंतर पुलिस अधिकारियों के संपर्क में रहने के भी निर्देश दिए गए।

# नगर परिषद डूमरकछार को मिला आईएसओ प्रमाण-पत्र

अरविन्द द्विवेदी
अनूपपुर, 27 अगस्त 2023
(घटती घटना)

आईएसओ सार्टिफिकेट एक क्वालिटी स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट है जो किसी संस्था को उसके गुणवत्ता पूर्ण सेवा स्तरीय सुविधा प्रदान करने के आधार पर अंतराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन के निर्धारित मानक परीक्षण उपरांत दिया जाता है। अंतराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आइएसओ इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइजेशन) में 155 से भी ज्यादा देश सदस्य है। भारत में दिल्ली स्थित आईएसओ प्रमाणीकरण हेतु अधिकृत संस्था ओसीआई के द्वारा नगर परिषद डूमरकछार के द्वारा अपने नागरिकों को दिए जाने वाले सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और क्षमता के प्रबंधन के आधार पर विभिन्न मानकों के परीक्षण उपरांत आई एसओ 9001-2015 प्रमाणीकरण किया गया। नगर परिषद डूमरकछार द्वारा अपने नागरिकों के लिए उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न श्रेणी के सुविधाओं जैसे नगर नियोजन, आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति हेतू





Certificate of Registration
CMO NAGAR PARISHAD DOOMARKACHHAR
ISO 9001:2015
Quality Management System
Optimum Certifications Inc.

योजनाओ का क्रियान्वयन, सड़को व नालियों का रख-रखाव, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल प्रबंधन एवं अपशिष्ट निपटान,अग्निशमन सेवाएँ, शहरी गरीबी उन्मूलन, स्ट्रीट लाइटिंग सुविधाओं आदि जैसे 19 विषयों पर आईओएस के विशेषज्ञ दल द्वारा विभिन्न पैरामीटर्स पर गहन परीक्षण उपरांत नगर परिषद डूमरकछार को आइएसओ 9001-2015 सर्टिफिकेशन के लिए उपयुक्त पाया और प्रमाण पत्र जारी किया गया। नगर परिषद डूमरकछार द्वारा आइएसओ 9001-2015 सर्टिफिकेशन प्राप्त होने पर परिषद के अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने कहा की विकास हमारा एकमात्र लक्ष्य है। नगरवासियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु परिषद कृत संकल्पित है। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के एक वर्ष में मेरा यह प्रयास रहा है कि नगर के सभी नागरिकों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने एवं सभी वर्गो को साथ लेकर क्षेत्र में विकास को मूर्त रूप दिया जा सके, इसके लिए मैं सदैव प्रयासरत हूं। परिषद के कार्यो में जनता की परस्पर सहभागिता एवं निकाय के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमवर्क के कारण ही यह संभव हो पाया है। आईएसओ सर्टिफिकेट प्राप्त होने में जनता एवं परिषद के अधिकारी/कर्मचारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है मैं उनको भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# बालको थाना प्रभारी मंजूषा पांडेय को चोरी गए 04 माह के शिशु को सकुशल परिजनों तक पहुंचाने पर किया गया सम्मानित

-संवाददाता-
कोरबा,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)



जिले में स्थापित मेडिकल कालेज अस्पताल से एक युवती ने चार माह के शिशु की चोरी कर ली थी। उक्त मामले को महिला अफसर टीआई मंजूषा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने न सिर्फ सुलझाया, बल्कि 4 माह के शिशु को सकुशल बरामद करते हुए कथित आरोपी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस की इस संवेदन शीलता को देखते हुए बच्चे के परिजनों ने महिला पुलिस अफसर को सम्मानित किया है। घटना 17 अगस्त को कोरबा जिले में घटित हुई थी। मेडिकल कालेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती अंजु यादव की मां हीराबाई ने 04 माह के शिशु को एक अनजान युवती के हाथ सौंप दिया। हीराबाई भोजन कर लौटी तब तक युवती उक्त बच्चे को लेकर फरार हो गई थी। अस्पताल से बच्चा चोरी की खबर फैलते ही पुरे अस्पताल सहित कोरबा नगर में सनसनी फैल गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पता-साजी के लिए तीन टीम गठित की गई। जिसमें एक टीम बालको थाना प्रभारी मंजुषा पांडेय के नेतृत्व में गठित थी। इस टीम में एएसआई दुर्गेश राठौर, सुकलाल सिदार, नीलम केरकेट्टा, आरक्षक राकेश कर्ष, जितेन्द्र सोनी, संदीप भगत शामिल थे। महिला अफसर के नेतृत्व में टीम मूसलाधार बारिश और नदी नालों में पूरी उफान के बावजूद वनांचल ग्राम पोड़ी खुर्द पहुंची जहां टार्च की रोशनी पर हाथी के चिंघाड़ के बीच एक मकान से न सिर्फ बच्चे को सुरक्षित बरामद किया गया बल्कि अस्पताल से ले जाने वाली कथित आरोपी युवती को भी गिरफ्तार किया गया। अपने बच्चे को वापस पाकर परिवार के सदस्य भावुक हो उठे। वे बालको थाना पहुंचे। जहां मासूम के पिता सहित अन्य परिजनों ने बालको थाना प्रभारी मंजुषा पांडेय को उनकी संवेदनशीलता व साहसिक कार्य के लिए गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया है।

# विडंबना : गौठान की जगह सड़कों पर मवेशी



-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ शासन की ओर से फसलों को मवेशियों से बचाने के लिए रोका छेका अभियान की शुरुआत की गई है। वहीं गौठान भी बनाए गए हैं पर मवेशी इन दिनों सड़कों पर नजर आ रहे हैं। पशुपालक भी ध्यान नहीं देते। मवेशियों को खुला छोड़ दे रहे हैं। जिसकी वजह से सड़क पर हादसे हो रहे हैं। पशुपालक मवेशियों को गौठान तक नहीं पहुंचाते। मवेशी रोड एवं खेत खलियान में विचरन करते नजर आ रहे हैं।

# तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओपलंपिक का शुभारंभ स्टेडियम ग्राउण्ड में



### खेल हमें स्वस्थ और स्मार्ट बनाता है- डॉ. प्रेमसाय





-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा 27 से 29 अगस्त तक स्टेडियम ग्राउण्ड में किया जा रहा है। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष व प्रतापपुर विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र की पूजा अर्चना, माल्यार्पण और राज गीत के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि खेल हमें स्वस्थ्य और स्मार्ट बनाता है। खेल से हम अनुशासित और एकजुटता होना सिखते है। इसलिए हमेषा किसी न किसी खेल में भाग अवश्य लेना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमारे पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने जो कार्य कर रही है। वह सराहनीय है। प्रथम दिवस में एकल गेम जैसे संखली, लंगडी दौड़, बांटी, बिल्लस, फुगडी, गेड़ी दौड़, भौंरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद एवं रस्सीकूद की प्रतियोगितायें होगीं। इसी प्रकार क्रमशः द्वितीय व तृतीय दिवस में गिल्ली डंडा, कबड्डी, खो-खो, पिट्ठुल, रस्साकस्सी एवं कुश्ती खेलों के बीच प्रतिस्पर्धा की जायेगी। यह प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष दोनो वर्गो हेतु 0 से 18, 18 से 40 व 40 से अधिक आयु वर्ग हेतु आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ सर्वप्रथम 497 राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर, तत्पश्चात् जोन स्तर पर एवं विकासखण्ड, नगरीय क्लस्टर स्तर पर 18 से 21 अगस्त 2023 के मध्य आयोजित किया गया। इस आयोजन में लगभग 10,000 से भी अधिक महिला व पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज प्रथम दिवस पर सभी विकासखण्ड़ों, नगरीय क्लस्टर के विजेता खिलाड़ियों के मध्य जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया गया, इस आयोजन में लगभग 2500 से भी अधिक महिला व पुरूष प्रतिभागी सम्मिलित रहे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विकासखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा क्रमषः 2000, 1500 व 1000 रूपये प्रोत्साहन के रूप मे नगद पुरस्कार प्रदाय किया जायेगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाडे, जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप, जगलाल सिंह देहाती जनपद अध्यक्ष, श्रीमती कुसुमलता राजवाडे पार्षद, विधायक प्रतिनिधि राजू सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, सूरजपुर एस.डी.एम. रवि सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनोद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, जिला खेल अधिकारी आरती सिंह, तहसीलदार सूरजपुर वर्षा बंसल सहित जिले के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग कर रही यात्री एवं मालवाहक वाहनों की सघन जांच

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अगस्त 2023
(घटती घटना)




आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सचिव सह आबकारी आयुक्त श्री जनक प्रसाद पाठक के द्वारा दिए गए, निर्देशों के तारतम्य में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री आई.बी. सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में विगत दिवस जिले की आबकारी विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बस स्टैंड सूरजपुर, जयनगर में गश्त कर 3 लीटर महुआ शराब 34 (द्व) क 4 लीटर महुआ शराब 34 (द्व) 1 लीटर शराब एवं 40 किलो महुआ लाहन धारा (34) 1 क च जप्त कर प्रकरण कायम किया साथ ही अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण तथा विक्रय की जांच की गई। सुरजपुर बस स्टैंड में यात्री वाहनो तथा मुसाफिरो के सामानों की, सुरजपुर अंबिकापुर मुख्य मार्ग में मालवाहक गाड़ियों खासकर अन्य प्रांत से आनेजाने वाले वाहन की जांच की गयी।

उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सपना सिन्हा, आबकारी उप निरीक्षक सहदेव मरकाम, आबकारी आरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता, पारसनाथ गुप्ता, दिनेश दुबे, मेवालाल सोनवानी, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाड़े देवेंद्र कुमारी तथा वाहन चालक प्रमोद साहू ,अजय राजवाड़े का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मन की बात में पीएम मोदी ने किया वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स विजेताओं का जिक्र

# धरती से जुड़े खेलों में भारत को कभी पीछे नहीं रहना

**नयी दिल्ली,27अगस्त 2023।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन में संपन्न 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' के विजेता खिलाड़ियों की सफलता को रेखांकित हुए रविवार को कहा कि हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे धरती से जुड़े हुए खेलों में भारत को कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलकूद को लेकर देश के युवाओं और परिवारों में पहले जो धारणा थी वह अब बदली है और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता उन्हें प्रेरित कर रही है। 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' में इस साल देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण सहित 26 पदक जीतकर इन खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

मोदी ने कहा कि 1959 से लेकर अब तक जितने भी 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' हुए हैं, उनमें जीते सभी पदकों को जोड़ दें तो भी यह संख्या 18 तक ही पहुंचती है। उन्होंने कहा, ''इतने दशकों में सिर्फ 18, जबकि इस बार हमारे खिलाड़ियों ने 26 पदक जीत लिए।'' प्रधानमंत्री ने इन खेलों के पदक विजेताओं में से कुछ के साथ बातचीत की और उन्हें सफलता पर बधाई दी। इस संवाद के दौरान असम के एथलीट अमलान ने प्रधानमंत्री से पूछा कि उन्हें कौन सा खेल सबसे अच्छा लगता है। इसके जवाब में मोदी ने कहा, ''खेल की दुनिया में भारत को बहुत खिलना चाहिए और इसलिए मैं इन चीजों को बहुत बढ़ावा दे रहा हूं। लेकिन हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो ये हमारी धरती से जुड़े हुए खेल हैं। इनमें तो हमें, कभी, पीछे नहीं रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इनके अलावा तीरंदाजी और निशानेबाजी में देश के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी ने कहा, ''मैं देख रहा हूं कि हमारे युवाओं में और यहां तक कि परिवारों में भी खेल के प्रति पहले जो भाव था, वह अब नहीं है। पहले तो बच्चा खेलने जाता था तो रोकते थे और अब बहुत बड़ा वक्त बदला है।''




प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता युवाओं और परिवारों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा, ''हर खेल में जहां भी हमारे बच्चे जा रहे हैं, कुछ न कुछ देश के लिए करके आते हैं। और ये ख़बरें आज देश में प्रमुखता से दिखाई भी जाती हैं, बताई जाती हैं और स्कूल व कॉलेजों में भी चर्चा में रहती हैं।'' तीरंदाजी में पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की प्रगति से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया है। इस पर प्रगति ने कहा कि वह स्‍ वयं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की पैदल चाल खिलाड़ी प्रियंका ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि पहले 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' जैसी स्पर्धाओं की देश में इतनी पूछ नहीं थी लेकिन अब इसे समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''हमने इतने पदक जीते हैं तो काफी अच्छा लग रहा है कि ओलंपिक की तरह, इसको भी इतना बढ़ावा मिल रहा है।'' इस संवाद के दौरान खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष की कहानियां बताई और अनुभव भी प्रधानमंत्री से साझा किए।




## लियोनल मेस्सी ने एमएलएस के पहले मैच में शानदार गोल किया

### » मियामी ने न्यूयॉर्क रेड बुल्स को हराया

**हैरिसन,27अगस्त 2023।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में यादगार पदार्पण में 89वें मिनट में गोल कर मियामी को न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर 2-0 से जीत दिलाने में मदद की। मियामी की टीम पिछले 11 मैचों में जीत हासिल नहीं कर पायी थी लेकिन शनिवार रात को न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर जीत से उन्होंने इस लय को तोड़ दिया। मेस्सी बार्सिलोना के पूर्व साथी सर्गियो बस्कक्वेस्ट के साथ 60वें मिनट में मैदान में उतरे। मियामी ने तब डिएगो गोमेज के 37वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बनायी हुई थी। मेस्सी को खेलते देखने के लिए स्टेडियम के बाहर मैच से ढाई घंटे पहले ही भीड़ लगी हुई थी। सड़क पर मेस्सी की जर्सी खरीदने की होड़ लगी हुई थी और स्टेडियम में आधे दर्शकों ने मेस्सी के तीन क्लबों ओर अर्जेंटीना राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनी हुई थी। मेस्सी ला लिगा और लीग वन पदार्पण में गोल नहीं कर सके थे जिससे सात बार के 'बैलन डिओर' विजेता से दर्शकों को एमएलएस पदार्पण में काफी उम्मीदें लगी हुई थीं।

## रूद्रांक्ष ने कर्णी सिंह रेंज पर समान माहौल में विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण से बेहतर प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली,27अगस्त 2023।** भारत के शीर्ष दस मीटर एयर राइफल निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल अगर आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में जाते तो स्वर्ण पदक जीत सकते थे क्योंकि कर्णी सिंह रेंज पर समान माहौल में उन्होंने बाकू में चल रहे टूर्नामेंट के चैम्पियन से बेहतर प्रदर्शन किया। रूद्रांक्ष को बाकू गए 53 सदस्यीय दल में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि वह पिछले साल ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके हैं। उन्हें हालांकि हांगझोउ एशियाई खेलों और ओलंपिक की तैयारी के लिये कर्णी सिंह रेंज पर बाकू के समान प्रतिस्पर्धी माहौल दिया गया। उन्होंने समान समय पर प्रतिस्पर्धा में बाकू में स्वर्ण पदक जीतने वाले से बेहतर स्कोर किया। भारत ने बाकू में छह स्वर्ण और आठ कांस्य पदक जीते हैं और फिलहाल चीन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।



एक सितंबर को खत्म होने वाली चैम्पियनशिप में भारतीयों के मुकाबले समाप्त हो चुके हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने रूद्रांक्ष को पुणे से दिल्ली बुलाया और बाकू में प्रतिस्पर्धा के समय पर ही उनसे भी यहां कर्णी सिंह रेंज पर निशाना लगवाया गया। उन्होंने क्वालीफिकेशन दौर में 630 स्कोर करके बाकू में एयर राइफल स्पर्धा में फाइनल में जगह बनाने वाले आठ निशानेबाजों में छठा स्थान हासिल किया। रूद्रांक्ष ने पीटीआई से कहा ,'' यह अच्छी बात है कि मुझे रीयलटाइम शूटिंग के लिये दिल्ली बुलाया गया। इस तरह की प्रतिस्पर्धा निशानेबाज के लिये बहुत महत्वपूर्ण है और मैं भारतीय खेल प्राधिकरण और राइफल महासंघ को धन्यवाद देता हूं।'

रूद्रांक्ष को आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप के लिये भारतीय दल में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि वह कोटा हासिल कर चुके थे। एनआरएआई की नीति के तहत अगर किसी निशानेबाज को कोटा मिल गया है और दूसरे को कोटा हासिल करने का मौका देने के लिये उसे टीम में शामिल नहीं किया जाता है। विश्व चैम्पियनशिप जैसी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धाओं से हर वर्ग में दो कोटे हासिल किये जा सकते हैं। बाकू में दस मीटर एयर राइफल में भारत के दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और हदय हजारिका फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सके।

## वर्ल्ड चैम्पियनशिप में ब्रॉज मेडल जीतने वाले एचएस प्रणय को पीएम मोदी ने दी बधाई

# कहा-पूरे टूर्नामेंट में उनकी कौशल की चमक दिखी

**नयी दिल्ली,27अगस्त 2023।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने डेनमार्क में आयोजित हुई विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें खास उपलब्धि के लिए बधाई दी है। इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल प्रेमियों के लिए सच्ची प्रेरणा बताया है। विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले एच एस प्रणय पांचवें भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए है। विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में एच एस प्रणय का ये पहला पदक है।

एचएस प्रणय के इस पदक बदौलत भारत का 2011 के बाद से विश्व चैम्पियनशिप में एक पदक जीतने का रिकॉर्ड कायम रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर एक पोस्ट में कहा, ''क्या शानदार उपलब्धि है प्रणय। बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने पर उन्हें बधाई। उनके कौशल और कड़ी मेहनत ने पूरे टूर्नामेंट में चमक बिखेरी है। वह सभी बैडमिंटन प्रेमियों के लिए एक सच्ची प्रेरणा हैं।

### पिनाराई विजयन ने भी दी शुभकामनाएं...

इस जीत के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी एच एस प्रणय को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य के उभरते खिलाड़ी भी प्रणय की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। बता दें कि इस मुकाबले में एच एस प्रणय का फाइलन में पहुंचने का सपना टूट गया मगर पहली बार चैंपियनशिप में पदक अपने नाम कर उन्होंने इतिहास रच दिया है।



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय का यहां विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वप्निल सफर पुरुष एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से तीन गेम में हारकर समाप्त हो गया। इस मैच में हार के बाद एच एस प्रणय को कांस्य पदक से संतोष कर अभियान से निकलना पड़ा। एच एस प्रणय (31 वर्ष) दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआती गेम की बढ़त गंवा बैठे। दूसरे गेम में वह 5-1 से बढ़त बनाये थे लेकिन तीन बार के पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन ने बेहतर 'डिफेंस और अटैक' के बूते 18-21 21-13 21-14 से जीत हासिल कर लगातार दूसरे फाइनल में प्रवेश किया।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को हराने के एक दिन बाद प्रणय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। इस मैच में उनका डिफेंस कमजोर दिखा और वह 76 मिनट के मुकाबले के दौरान निरंतरता नहीं दिखा सके। इस सत्र में आस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता प्रणय पिछले साल आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दो कड़े गेम में हार गये थे और थाईलैंड के इस खिलाड़ी के डिफेंस की ताकत और वापसी करने की काबिलियत से वाकिफ थे।

ये भारतीय भी जीत चुके हैं पदक

बता दें कि भारत के लिए किदाम्बी श्रीकांत (रजत), लक्ष्य सेन (कांस्य), बी साई प्रणीत (कांस्य) और प्रकाश पादुकोण (कांस्य) के बाद एचएस प्रणय पांचवे पुरुष खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने एकल में पदक अपने नाम किया है। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक स्वर्ण (2019) सहित पांच एकल पदक जीते हैं। साइना नेहवाल (रजत और कांस्य) ने दो पदक जीते हैं जबकि ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने 2011 में कांस्य पदक जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

## प्रज्ञानानंदा,गुकेश एशियाई खेलों के शिविर के लिए 30 अगस्त को कोलकाता आयेंगे

**नयी दिल्ली,27अगस्त 2023।** विश्व कप के रजत पदक विजेता ग्रैंड मास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा की अगुवाई में एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय पुरुष शतरंज टीम के सदस्य चार दिवसीय रणनीतिक शिविर के लिए 30 अगस्त को यहां पहुंचेंगे।

प्रज्ञानानंदा के साथ इस दौरान विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, अर्जुन एरिगैसी और आर गुकेश के अलावा अनुभवी पेंटाला हरिकृष्णा शिविर में मौजूद रहेंगे। टीम का नेतृत्व मुख्य कोच (पूर्व ग्रैंडमास्टर) बोरिस गेलफेंड कर रहे हैं और इसमें कोच श्रीनाथ नारायणन, सहायक कोच वैभव सूरी और अर्जुन कल्याण शामिल हैं।

महिलाओं का कोचिंग शिविर मंगलवार तक चलेगा जिसमें कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी प्रतिभागी हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष संजय कपूर ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' एआईसीएफ खिलाड़ियों के लिए अटूट समर्थन और अत्याधुनिक सुविधाओं को मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

उन्होंने कहा, '' यह कोचिंग शिविर उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के पहले इससे खिलाड़ियों को रणनीति बनाने का मौका मिलेगा।'' यह शिविर 31 अगस्त से नौ सितंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के पांचवें सत्र के मौके पर आयोजित किया जाएगा। एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय टीम के सभी सदस्य टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें पूर्व विश्व ब्लिट्ज चैंपियन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव और मौजूदा विश्व चैंपियन वेनजुन जू भी भाग लेंगे।

## अमन,आकाश,अनुज ने विश्व चैम्पियनशिप के लिए कुश्ती का ट्रायल जीता

**नयी दिल्ली,27अगस्त 2023।** सहरावत ने को यहां पुरुषों के 57 किग्रा फ्री-स्टाइल वर्ग में अपना वर्चस्व कायम करते हुए विश्व चैंपियनशिप की टीम में जगह बनाई, जबकि अनुभवी ओलंपियन दीपक पूनिया राष्ट्रीय ट्रायल में शामिल नहीं हुए। अमन ने ट्रायल के फाइनल में आतिश टोडकर को हराकर इस साल अपने लिए दोहरी खुशी हासिल की। आकाश दहिया 61 किग्रा में नीरज से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अनुज कुमार 65 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करते नजर आयेंगे। इस भारवर्ग में लंबे समय से ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया देश का प्रतिनिधित्व करते आ रहे है। बजरंग ने एशियाई खेलों के लिए विदेश में प्रशिक्षण लेने के लिए पहले ही विश्व ट्रायल छोड़ने का फैसला कर लिया था। बजरंग उनके करीबी सहयोगी जितेंद्र किन्हा के अलावा



ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने इस ट्रायल में हिस्सा नहीं लिया। इन सभी पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दिया था। इस ट्रायल में सबसे ज्यादा निराशा विशाल कालीरमन (65 किग्रा) को मिली। वह एशियाई खेलों को ट्रायल के नतीजे को यहां दोहराने में नाकाम रहे। इससे एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप दोनों में देश का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना लगभग टूट गया। कालीरमन एशियाई खेलों के स्टैंडबाई खिलाड़ी है और अगर बजरंग टूर्नामेंट से हटते है तो उन्हें देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा। बजरंग ने गुरुवार को कहा कि अगर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका समर्थन करने वाली सभी पंचायतें उन्हें 10 सितंबर को खाप महापंचायत के दौरान एशियाई खेलों से हटने के लिए कहेगी तो वह हट जाएंगे। अन्य मुकाबलों में अभिमन्यु ने मुलायम यादव को हराकर 70 किग्रा में विश्व चैंपियनशिप में जगह पक्की की, जबकि नवीन ने सागर जगलान को हराकर 74 किग्रा का ट्रायल जीता।

## विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के लिए नीदरलैंड को भारत में लगे शिविर और अभ्यास मैचों से भरोसा

**नीदरलैंड ,27अगस्त 2023।** नीदरलैंड की टीम पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के लिए सितंबर के मध्य में भारत में शिविर लगाने के साथ स्थानीय टीमों के साथ कुछ अभ्यास मैच खेल कर अपनी तैयारियों को पुख्ता करेगी। विश्व कप के क्वालीफाइंग चरण में वेस्टइंडीज जैसी कुछ बड़ी टीमों को पछाडने वाले नीदरलैंड के कोच रेयान कुक को उम्मीद है कि भारत में पहले पहुंच कर अभ्यास शिविर लगाने से टीम को फायदे की स्थिति में रहेगी। बेंगलुरु में शिविर लगाने के बाद यह टीम विश्व कप से पहले तिरुवनंतपुरम में अभ्यास मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। कुक ने मीडिया से कहा, '' हम अपनी तरफ से पुरजोर तैयारी कर रहे है।



भारत में खिलाड़ी शिविर में समय बितायेंगे और फिर कुछ अभ्यास मैच होंगे। हमें उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट के दौरान टीम के लिए मददगार होगा। विश्व कप शुरू होने के बाद हर खिलाड़ी का मकसद उसमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'' नीदरलैंड की टीम ने जुलाई में क्वालीफाइंग मुकाबलों के बाद एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे बड़े टूर्नामेंट से पहले उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। नीदरलैंड 1996 और 2011 में भारत में हुए विश्व कप का हिस्सा था लेकिन टीम इन दोनों सत्रों में एक भी मैच जीतने में सफल नहीं रही। टीम के कप्तान स्कॉट एडवर्ड हालांकि इतिहास को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते है।

उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि अतीत को याद करने की जरूरत है। आपके पास अब बिलकुल नयी टीम है। हम इसे टीम के नजरिये से देख रहे है। हमें लगता है कि इस टीम ने पिछले दो साल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।'' विश्व कप लीग चरण में नीदरलैंड का मुकाबला भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे टीमों से होगा जिसमें विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है। 'ऑरेंज आर्मी' ने पिछले एक साल में श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों के खिलाफ खेला है और उसे इन दोनों टीमों के बारे में पता है। कुक ने कहा कि पिछला अनुभव उनके काम आएगा, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में टीम को खासकर स्पिनरों के खिलाफ और अधिक दमखम दिखाना होगा।

## कियारा आडवाणी को लेकर डेट पर निकले सिद्धार्थ मल्होत्रा,



### हाथों में हाथ डालकर जोड़े ने मीडिया को दिए पोज

अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी बॉलीवुड की स्टार जोड़ियों में शुमार हैं। दोनों जब-जब साथ में मुंबई की गलियों में बाहर घूमने निकलते हैं लोगों और मीडिया के कैमरों की नजरें सिर्फ और सिर्फ उन्हीं पर टिक जाती है। ऐसा ही नजारा शनिवार रात को देखने को मिला, जब अभिनेता और अभिनेत्री डिनर डेट के लिए बांद्रा में स्पॉट हुए। बांद्रा के रेस्टोरेंट के बाहर कियारा और सिद्धार्थ को स्पॉट किया गया। इस दौरान की कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जो यूजर्स को काफी पसंद आ रही हैं।

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बीती रात बांद्रा के रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया। दोनों डिनर डेट पर वहां पहुंचे थे। पति के साथ डेट के लिए अभिनेत्री ने सफेद रंग की मिनी ड्रेस का चुनाव किया, जिसके साथ उन्होंने हील्स पहनी हुई थी। वहीं हैंडसम हंक सिद्धार्थ हमेशा की सिंपल ऑउटफिट नेवी ब्लू टी-शर्ट, डेनिम और स्नीकर्स में नजर आए। पैपराजी रेस्टोरेंट के बाहर जोड़े का इंतजार कर रहे थे। दोनों ने पैपराजी को तस्वीरों के लिए पोज भी दिए और फिर हाथों में हाथ डालकर रेस्टोरेंट से घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर छायी हुई हैं, जिन्हें लोग जमकर शेयर कर रहे हैं।

## संडे को लंच डेट पर निकले अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले कुछ सालों से रिलेशनशिप में हैं. इस जोड़े ने 2019 में अपने रिलेशनशिप को ऑफीशियली अनाउंस किया था. तब से उन्हें पब्लिकली साथ देखा जाता है. दोनों में से कोई भी सोशल मीडिया पर प्यार के डिस्पे से कतराता नहीं है. वे एक-दूसरे की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते हैं. हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि अर्जुन और मलाइका अलग हो गए हैं, लेकिन अब दोनों अपने ब्रेकअप की सभी अफवाहों को खारिज करते नजर आए. दोनों को एक रोमांटिक लंच डेट पर साथ जाते देखा गया था.

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर इंजॉय की लंच डेट रविवार, 27 अगस्त को मलाइका और अर्जुन को पैपराजी ने मुंबई के एक रेस्तरां से बाहर आते हुए देखा. सफेद कॉलर वाली शॉर्ट ड्रेस और सफेद जूतों में मलाइका बेहद खूबसूरत लग रही थीं. उन्होंने काला धूप चश्मा पहना हुआ था और एक छोटा हैंडबैग ले जाते हुए नजर आई. अर्जुन ने काली जींस और ग्रे-व्हाइट स्नीकर्स के साथ ग्रे टी-शर्ट पहन रखी थी. कूल कैजुअल लुक में दोनों हमेशा की तरह जबरदस्त लग रहे थे. दोनों को भारी बारिश के बीच छतरियों के नीचे अपनी गाड़ी की तरफ जाते हुए देखा गया. इससे पहले, अर्जुन ने भी अपने ब्रेकअप की खबरों पर ब्रेक लगा दिया था जब उन्होंने मलाइका के इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट किया थी. इंटरनेशनल डॉग्स डे के मौके पर मलाइका ने अपने पालतू कुत्ते कैस्पर का एक वीडियो शेयर किया था. अर्जुन ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ÷आपके जिंदगी का असली स्टार सकैस्पर÷ और ÷हैंडसम बॉय÷.



CMYK

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी पर किया करारा वार...

# भाजपा को वोट देने का मतलब छत्तीसगढ़ अडानी का



**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी, आईटी और सीबीआई की छापेमारी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने ईडी, आईटी, सीबीआई और डीआरआई को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है। सीएम बघेल ने कहा कि, अभी जितनी कार्रवाई हुई है, उसका उद्देश्य राजनीतिक है। ईडी के पास असीमित अधिकार है, इसलिए इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। ईडी मारपीट और अमानवीय व्यवहार कर रही है।

सीएम भूपेश ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि, महादेव एप के जरिए सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग बाहर हैं, उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं कर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की संपत्ति 2008 से 2018 तक 18 गुना बढ़ी है, जबकि वे कोई काम नहीं कर रहे, ईडी इसकी जांच कब करेगी।

### भाजपा के दो मुख्य प्रकोष्ठ ईडी और आईटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज हमारे जिला पदाधिकारी ईडी कार्यालय में जाकर ज्ञापन देंगे। कल से ईडी कार्यालय के सामने हमारे कार्यकर्ता प्रदर्शन भी करेंगे। भाजपा के दो मुख्य प्रकोष्ठ ईडी और आईटी है। ईडी को नियम में संशोधन के बाद असमिति अधिकार मिल गया है। किसी को भी गिरफ्तार कर संपत्ति ले सकते हैं। बेल संभावना भी खत्म कर दी गई है।

### भाजपा को वोट देने का मतलब अडानी को सीजी सौंप देना

केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम भूपेश ने कहा कि, एसईसीएल खुद कोयला का उत्खनन करता है। अडानी को रायगढ़ में खदान दे दिया गया है। छत्तीसगढ़ की बहुत सी खदानें दी गई हैं। भाजपा को वोट देने का मतलब है कि, अडानी को छत्तीसगढ़ सौंप देना।

### रोजगार मेले में लूटा आम जनता का पैसा

भाजपा नेता ओपी चौधरी पर आरोप लगाते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि, ओपी चौधरी कलेक्टर थे, तब रोजगार मेला आयोजित किया गया था। इसमें आम जनता का पैसा लूटा गया। हमारी सरकार के समय कार्रवाई हुई, उन सबका पैसा लौटाया गया। मनी लॉन्ड्रिंग का सबसे बड़ा केस इसी मेले का है। जांच के लिए पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी को बताया लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा

### पूर्व सीएम के संपत्ति पर जांच क्यों नहीं

राज्य में प्रवर्तन निदेशायल ईडी की कार्यवाही को लेकर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि ईडी लोकतंत्र के लिए खतरा बन गया है। मुख्यमंत्री आज बलौदाबाजार जिले में आयोजित कांग्रेस के संकल्प शिविर में शामिल होने के पहले मीडिया से चर्चा कर रहे थे। सीएम भूपेश बघेल ने आगे कहा कि ईडी के नियमों में जब से संशोधन हुआ है, तब से असीमित अधिकार मिल गया है। ईडी जिसे चाहे उसे गिरफ्तार कर रही है और जो गिरफ्तार हो रहे हैं उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है । सीएम ने कहा कि ईडी को जांच का अधिकार है, परंतु वह लोगों से मारपीट भी करती है । महादेव सट्टा पर कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कई कार्रवाई भी की है, जबकि केंद्र सरकार ने किसी भी की प्रकार की कार्रवाई नहीं की है । सीएम भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री ने डॉ रमन सिंह की संपत्ति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि डॉ रमन सिंह की संपत्ति में भी लगातार बढ़ोतरी देखी गई हैं, आखिर ईडी उस पर जांच क्यों नहीं करती है? सीएम ने भारतीय जनता पार्टी पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 72 प्रतिशत घरों में ही शौचालय बनाया गया हैं, यानि कि 23-24 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं बन पाया हैं, और ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया गया हैं, केंद्र सरकार के तरफ से यहां एक बड़ा घोटाला हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायगढ़ में अडानी को 20 साल के लिए कोयला खदान दे दिया गया है और अब नगरनार प्लांट को भी देने की तैयारी है ।

# नवा रायपुर में होगा शहीद स्मारक,कमर्शियल हब,एरो सिटी निर्माण

### सीएम भूपेश बघेल 6 सितंबर को नवा रायपुर में करेंगे तीन बी परियोजनाओं की शुरुआत



**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** नवा रायपुर जल्द तीन बड़ी परियोजनाओं का गवाह भी बनेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 सितंबर को कमर्शियल हब, एरो सिटी, और शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों का शिलान्यास-भूमिपूजन करेंगे। बता दें कि दिसंबर तक नवा रायपुर में मुख्यमंत्री, राज्य पाल और मंत्रियों का आलीशान निवास भी बनकर तैयार हो जायेगा।

वैसे कार्य अपने अंतिम चरण में है और त्र ङ्क 20 समिट के बाद संभवतयः आचार सहिंता की घोषणा भी हो जाएगी। दिसंबर या उससे पहले नवा रायपुर में गवर्नर हॉउस, चीफ मिनिस्टर हॉउस के अलावा मंत्री बंगला भी शिफ्ट किया जा सकता है।

नवा रायपुर में तीनों बड़ी परियोजनाओं के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। सलाहकार नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इन परियोजनाओं पर काम जल्द से जल्द शुरू करने की कोशिश हो रही है। अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव आचार संहिता लग सकती है। इससे पहले ही 6 सितंबर को कमर्शियल हब, एरो सिटी, और शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास होगा।

### एक हजार एकड़ में प्रस्तावित है कमर्शियल हब

बताया गया कि कमर्शियल हब करीब एक हजार एकड़ में प्रस्तावित है। इसके लिए निमोरा, उपरवारा, और बेन्द्री में जमीन चिन्हित कर ली गई है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले लैंडयूज आदि में बदलाव हो चुका है ताकि किसी तरह की बाधा न हो। कमर्शियल हब का प्रस्ताव 85 व्यापारी संगठनों से चर्चा के बाद तैयार किया गया है। कमर्शियल हब में अस्पताल, बैंक, ट्रांसपोर्टेशन आदि तमाम सुविधाएं होंगी। थोक मार्केट यहां शिफ्ट होगा।

### एरो सिटी के लिए 214 एकड़ भूमि चिन्हांकित

इसी तरह एरो सिटी पर भी काम शुरू हो गया है। इसके लिए 214 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। एरो सिटी के लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया कि एरो सिटी, माना एयरपोर्ट के नजदीक बनेगा, और दिल्ली की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यहां आवासीय-व्यवसायिक के अलावा होटल आदि का भी निर्माण होगा। जानकारी के अनुसार एरो सिटी के पहले चरण का काम 30 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित है।

### नए शहीद स्मारक में झीरम के शहीदों की स्मृति

इसके अलावा झीरम के शहीदों की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-24 में शहीद स्मारक के निर्माण का प्रस्ताव है। सीएम भूपेश बघेल इसका शिलान्यास करेंगे। चूंकि विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता, 6 अक्टूबर के पहले हफ्ते में लग सकती है। ऐसे में इन निर्माण कार्यों का काम शुरू करने की तैयारी है।

# सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद के लिये बी.एड.योग्यता को लेकर शिक्षा विभाग ने दी सफाई



**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** सहायक शिक्षकों की भर्ती को लेकर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। इसीके मद्देनजर शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण जारी किया है।

प्रेसनोट के जरिये कहा गया है कि युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने कुल 12,489 पद भरे जाने की प्रक्रिया शुरू की थी। व्याख्याता के 432 पदों पर भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है। शिक्षक के 5772 पदों पर काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य लगातार चल रहा है और लगभग यह 10 दिन में पूरा हो जायेगा। इन पदों पर बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थी पात्र है तथा उनकी भर्ती लगातार की जा रही है।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि सहायक शिक्षक के 6285 पदों पर नियुक्ति के लिये काउंसिलिंग प्रारंभ जा चुकी है. छत्तीगसद शासन व्दारा जारी विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पदों पर भी बी.एड. को पात्र माना गया था, और उन्हें व्यापाम की परीक्षा में बैठने का अवसर भी दिया गया, परन्तु इसी बीच अचानक दिनांक 11 अगस्त को राजस्थान राज्य से संबंधित सिविल अपील क्र. 5068/2023 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बी.एड. को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिये अपात्र घोषित कर दिया। इसके तत्काल बाद उच्च न्यायालय बिलासपुर ने याचिका क्र. डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में दिनांक 21 अगस्त को सहायक शिक्षक पद हेतु बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग की कार्यवाही स्थगित रखने का आदेश दिया, परन्तु डी.एड. एवं डी.एल.एड. की काउंसलिंग पर कोई रोक नही लगाई। न्यायालय के इस आदेश में पालन में डी.एड. एवं डी.एल.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों की कार्उसिलिंग जारी रखी गयी है, जिससे राज्य के युवाओं को शीघ्रता से रोजागार दिया जा सके. बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध विधिक उपचारों के बारे में महाधिवक्ता से मार्गदर्शन मांगा गया है।

# आधा दिन पोस्ट आफिस बंद कर डाक बांटता है पोस्टमास्टर




**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** 5 ग्रामों को पोस्टल सुविधा देने वाले टेकारी स्थित ब्रांच पोस्ट आफिस पिछले 4 माहों से कार्यालयीन दिवस में आधा दिन ही खुलता है । इसकी वजह यहां पदस्थ पोस्टमैन को बेलदार सिवनी सब पोस्ट आफिस में अटैच कर दिया जाना है जिसके चलते यहां पदस्थ पोस्टमास्टर आधा दिन पोस्ट आफिस बंद कर डाक बांटने का काम करता है । इसकी वजह से ग्रामीण परेशान व आक्रोशित हैं । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने पदस्थ शाखा पोस्टमास्टर दीपक वर्मा को ग्रामीण आक्रोश से अविलंब अपने वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराने का आग्रह किया है व 7 दिन के भीतर समाधान न निकलने पर सी पी एम जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे जाने की जानकारी दी है। रायपुर मुख्य पोस्ट आफिस के अंतर्गत आने वाले खरोरा सब आफिस का ब्रांच है टेकारी शाखा । इस शाखा के अधीन 5 ग्राम टेकारी , कुंडा , खम्हरिया , अमेरी व संकरी आता है। इस शाखा के लिये एक पोस्टमास्टर व एक पोस्टमैन का पद स्वीकृत है । खरोरा सब आफिस के अंतर्गत आने वाले करीबन 22 शाखाओं में से सर्वाधिक राजस्व देने वाली शाखा है टेकारी । इस शाखा पोस्ट आफिस का प्रतिदिन खुलने का समय पूर्वाह्न 9 से 12 व अपराह्न 4 से 5 बजे का है। इस शाखा में पदस्थ पोस्टमैन को तकरीबन 4 माह पहले बेलदार सिवनी स्थित शाखा पोष्ट आफिस में अटैच कर दिया गया है जिसके चलते डाक बांटने की जिम्मेदारी भी पोष्टमास्टर पर आ गया है । इसकी वजह से अपराह्न में पोष्ट आफिस मे ताला लगा पोस्टमास्टर इन पांचों ग्रामों में डाक बांटने का काम करता है । ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायत के बाद इसकी पुष्टि पश्चात श्री शर्मा ने यह जानकारी देते हुये बतलाया है कि खेती के इस व्यस्त मौसम में पूर्वाह्न में किसान खेती-किसानी के काम में व्यस्त रहते हैं और अपराह्न में उन्हें पोष्ट आफिस बंद मिलता है जिसकी वजह से उन्हें राशि जमा-निकासी सहित अन्य पोस्टल कार्यों में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में हार्डकोर नक्सली हुआ ढेर



**धमतरी ,27 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक हार्डकोर नक्सली के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। जिला पुलिस टीम सर्चिंग में जुटी हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में नक्सली दहशत और बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि, जिले के नक्सल अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम कारीपानी के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान करीब 200 से 250 राउंड फायरिंग की गई है। घटना की पुष्टि एएसपी मधुलिका सिंह ने की है। मामला नगरी इलाके के बोराई इलाके का है।

एएसपी मधुलिका सिंह ने बताया कि, नगरी ब्लाक के नक्सल अतिसंवदेनशील क्षेत्र के ग्राम कारीपानी के जंगल में 26 अगस्त की शाम डीआरजी की टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान कल देर रात जिला पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। घंटों हुई मुठभेड़ में एक पुरुष नक्सली के मारे जाने की खबर मिली है। पुलिस ने नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद किया है। मारे गए नक्सली का अब तक सिनाख्त नहीं हो पाया है।

फिलहाल डीआरजी की टीम सर्चिंग में जुटी हुई है। क्षेत्र में नक्सली घटना की खबर होने के बाद एसपी प्रशांत ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी क्षेत्र के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं नगरी ब्लाक के नक्सल अतिसंवदेनशील क्षेत्र के गांवों में इस घटना के बाद से दहशत है। क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है।

वहीं, दंतेवाड़ा में डीआरजी के जवानों ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए माओवादी के पास से बड़ी संख्या में नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। दरअसल, नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बीते शनिवार को डीआरजी और बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा तथा सीआरपीएफ 111 वी वाहिनी अरनपुर कोंडापारा का संयुक्त बल थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नहाड़ी, छोटेहिड़मा, गुमोड़ी और पोरोंककाड़ी के जंगल पहाड़ी की ओर नक्सल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान रविवार सुबह ग्राम नहाड़ी व छोटेहिड़मा के बीच जंगल पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा।

पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हेमला नंगा उम्र लगभग 41 वर्ष जाति मुरिया निवासी गुमोड़ी थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा ग्राम गुमोडी डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। नक्सली के कब्जे से दो काला रंग का पिट्ठू बैग जिसमें 80 तीर बम, एक जिलेटिन रॉड, दो डेटोनेटर, फ्यूज वायर, मल्टीमीटर, एवररेडी बैटरी, टाइगर बम, लाल रंग का कपड़ा, पाम्प्लेट और नक्सली साहित्य को बरामद किया गया। उक्त नक्सली के विरुद्ध थाना अरनपुर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई। वहीं नक्सली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# चोर को इतना पीटा कि उसने दम ही तोड़ दिया

**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक चोर की लोगों ने की पीट-पीटकर हत्या दी। बताया जा रहा है कि युवक एक घर में चोरी करने घुसा था। इस पर लोगों ने उसे पकड़कर इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला मंदिर हसौद के चंदखुरी बस्ती का है।

मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर हसौद के चंदखुरी बस्ती के एक घर में चोर घुस आया। जैसे ही लोगों को इसकी सूचना मिली। उन्होंने उसे घेर लिया। फिर रस्सी से उसके हाथ-पैर बांधकर बेदम पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब घायल चोर को मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया तो इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने हत्या के मामले में असन्न धीवर, सुनील वर्मा, भानु यादव, लेखु ध्रुव और उत्तम साहू और एक नाबालिग सहित 9 लोगों को हिरासत में लिया है।

# एस्मा के बावजूद जारी है स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल




### अपनी मांगों का जलाया पुतला,आज जेल भरो प्रदर्शन

**रायपुर,27 अगस्त 2023(ए)।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के बैनर चल रही हड़ताल पर एस्मा लगा दिया है। बावजूद इसके यह आन्दोलन समय के साथ तेज होता जा रहा है। हेल्थ फेडरेशन के 40 हजार स्वास्थ्य संयोजक, चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग 7 वें दिन रविवार को भी तूता में धरने पर रहे। फेडरेशन अपनी 5 सूत्रीय मांगों का रावण रूपी पुतला बनाकर दहन किया। फेडरेशन ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि अभी तक सरकार की ओर से पहल नहीं की गयी है। आंदोलन के अगले चरण में आज सोमवार को जेल भरो प्रदर्शन होगा। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के डॉ इकबाल हुसैन, टार्जन गुप्ता ,डॉ रीना राजपूत, डॉ सुमन शर्मा ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि हमारी 5 सूत्रीय मांगों में वेतन विसंगति, कोरोना भत्ता, अतिरिक्त कार्य दिवस का भुगतान, आईएचपीएस सेटअप के तहत भर्ती, अस्पतालों में डॉक्टरों एवं नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों के साथ होने वाले हिंसात्मक गतिविधियों में रोक लगाना शामिल है। सरकार लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपेक्षा कर रही है7 इस हड़ताल में हजारों ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग शामिल हैं।

# भारत सरकार ने शुरू की स्मार्ट पीडीएस योजना

### 7 लाख सदस्य नहीं दिखा रहें रूचि

**रायपुर,27अगस्त2023 (ए)।** भारत सरकार द्वारा 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के तहत राशन हितग्राहियों का आधार से ई-केवाईसी कराया जा रहा है। ताकि कोई भी हितग्राही नई योजना से लाभान्वित होने से वंचित ना रहे। हालांकि जिले में ई-केवाईसी कराने में राशन कार्ड के सदस्य रुचि नहीं दिखा रहे। सरकार ने राशन कार्डधारी सदस्यों को इ-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है, इसके बावजूद प्रदेश में अब तक 7 लाख सदस्यों ने केवाईसी नहीं कराया है।

राजधानी रायपुर में कुल 5 लाख 90 हजार 757 राशन कार्ड बनाए गए हैं। इन राशन कार्डों के सदस्यों की कुल संख्या 21 लाख 29 हजार 855 है। इन सदस्यों में अब तक सिर्फ 14 लाख सदस्यों ने ही ई-केवाईसी कराया है। इधर खाद्य विभाग ने केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों से समय सीमा में राशन दुकान जाकर केवाईसी कराने की अपील की है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना कि, भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना लागू होने जा रही है। इसलिए इस योजना को साल के अंतिम माह दिसंबर या जनवरी 2024 से लागू किया जा सकता है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)